R.N.I. NO. RAJHIN/2012/48736

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :12 | अंक : 188 | पेज: 8 | जयपुर,शुक्रवार, 14 जून 2024 | मूल्य: 1.50 रुपये

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय में संभाला अपना कार्यभार

# आधुनिक हथियारों से लैस सशस्त्र सेनाएं हर चुनौती का सामना करने को तैयार हैं: राजनाथ सिंह

**पहली बैठक में रक्षा मंत्री ने की 100 दिन की कार्य योजना की समीक्षा, अधिकारियों को दिया क्रियान्वयन का निर्देश**

**रॉयल पत्रिका**

चीन के साथ जारी एलएसी विवाद और पाकिस्तान की ओर से जम्मू क्षेत्र में बढ़ते आतंकी हमलों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में लगातार दूसरी बार देश के रक्षा मंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाला।

इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों, प्लेटफार्म से लैस किया जा रहा है। वे हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। नई सरकार सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने, नई प्रौद्योगिकी में नवाचार, सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, रक्षा निर्यात बढ़ाने व पूर्व सैनिकों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करेगी। रक्षा मंत्री ने वीरता और प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए सैन्य कर्मियों की सराहना की।



### आज विशाखापट्टनम जाएंगे राजनाथ

रक्षा मंत्री के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद रक्षा समीकरण में हिंद महासागर क्षेत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए राजनाथ सिंह ने अपनी पहली यात्रा के तौर पर 14 जून को नौसेना की विशाखापट्टनम स्थित पूर्वी कमांड के मुख्यालय का दौरा करने का निर्णय लिया है। यहां वह अधिकारियों और नाविकों से बातचीत करेंगे।

### 50 हजार करोड़ का रक्षा निर्यात का लक्ष्य

उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2028-29 तक 50 हजार करोड़ रुपए के रक्षा निर्यात का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2023-24 में ये आंकड़ा रिकॉर्ड 21 हजार 83 करोड़ पर पहुंच गया था। जो कि एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रालय के 100 दिनों की कार्य योजना पर एक समीक्षा बैठक भी हुई। जिसके केंद्र में पूर्व सैनिकों के कल्याण का बिंदु रहा। बैठक में राजनाथ ने सभी समर्पण के साथ अधिकारियों को कड़ी मेहनत करने तथा योजना को पूरा करने का निर्देश दिया। तेज प्रगति सुनिश्चित करने के लिए वह लगातार समीक्षा बैठकें करेंगे।

### सुबह 12 बजे संभाला कार्यभार

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 13 जनवरी की सुबह 12 बजे रक्षा मंत्रालय के प्रवेश द्वार संख्या-11 पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाप्रमुखों (जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वी.आर.चौधरी, नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी) और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर.वी कामत, सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण) डॉ. नितेन चंद्रा ने रक्षा मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मंत्रालय के कार्यालय में अपना कार्यभार संभाला। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भी मंत्रालय में रक्षा मंत्री से शिष्टाचार भेंट की। गौरतलब है कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शपथ गठन समारोह के बाद 12 जून को ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी के पहले सरकार गठन समारोह में शिरकत करने की वजह से राजनाथ सिंह ने 13 जून को रक्षा मंत्रालय में कार्यभार संभाला।*

---

**शीर्ष अदालत ने अपर यमुना रिवर बोर्ड से कहा-**

## हमारे पास फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं, दिल्ली जल संकट को 'जल्द' सुलझाएं

**रॉयल पत्रिका**



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल संकट विवाद से किनारा कर लिया है। कोर्ट ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल के बंटवारे से संबंधित मुद्दा एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट के पास फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वे गुरुवार शाम पांच बजे तक अपर यमुना रिवर बोर्ड के समक्ष अपनी मांग रखे। बता दें कि दिल्ली जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के बीच हिमाचल प्रदेश सरकार ने कहा है कि उनके पास दिल्ली को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। दिल्ली सरकार ने आज (गुरुवार) सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में कहा है कि वो टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि टैंकर माफिया यमुना के दूसरे किनारे से पानी ले रहे हैं जो हरियाणा में पड़ता है।

### दिल्ली ने दायर किया हलफनामा

दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में कहा है कि वो टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि टैंकर माफिया यमुना के दूसरे किनारे से पानी ले रहे हैं जो हरियाणा में पड़ता है। दिल्ली सरकार ने कहा है कि अदालत इस मामले में हरियाणा से पूछे कि कार्रवाई क्यों नहीं की गई। दरअसल, कल 12 जून को सुप्रीम कोर्ट ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई थी।

**बोर्ड को दिया निर्देश:** कोर्ट ने अपर यमुना रिवर बोर्ड को निर्देश दिया कि वो दिल्ली सरकार का आवेदन मिलने के बाद कल शाम बैठक कर इस मामले को जितना जल्द हो सके सुलझाएं।

---

**चीन-पाक के संयुक्त बयान में कश्मीर को लेकर की गई टिप्पणी पर भारत पर की दो टूक**

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बोले, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे

**रॉयल पत्रिका**

चीन और पाकिस्तान द्वारा हालिया जारी किए गए संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर की गई अनुचित टिप्पणी को भारत ने सिरे से खारिज करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों केंद्रशासित प्रदेश भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश को इन पर किसी तरह की टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। यह संयुक्त बयान बीते 7 जून को बीजिंग द्वारा चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया द्वारा इस बयान का लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि नई दिल्ली इस संयुक्त बयान में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत आने वाली परियोजनाओं की भी निंदा करती है। साथ ही कहा कि उक्त भूभाग पर इस्लामाबाद द्वारा किए गए अवैध दावे को भारत पूरी तरह से खारिज करता है। इस मामले को लेकर हमारी स्थिति दृढ़ता के साथ कायम है और इसके बारे में दोनों पक्ष (चीन और पाकिस्तान) भी पूरी तरह से अवगत हैं। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा बने रहेंगे।



### यूएन चार्टर के राग को भारत ने किया खारिज

*चीन-पाक के संयुक्त बयान के मुताबिक, बीजिंग की वार्ता के दौरान पाकिस्तानी पक्ष ने चीनी पक्ष को जम्मू-कश्मीर के मौजूदा घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी। चीन के पक्ष की तरफ से यह दोहराया गया कि जम्मू-कश्मीर के विवाद को इतिहास के नजरिए से देखते हुए इसका समाधान यूएन चार्टर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव और द्विपक्षीय समझौतों के तहत शांतिपूर्ण ढंग से पूरी तरह से निकाला जाना चाहिए। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने संयुक्त बयान में किए गए सीपीईसी के जिक्र का भी कड़े अंदाज में खंडन करते हुए कहा कि इसके तहत जारी परियोजनाएं भारत के संप्रभु भूभाग पर जारी हैं। यह वो इलाका है जिस पर पाकिस्तान ने जबरन अवैध ढंग से कब्जा किया हुआ है। ऐसे में हम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के मामले में किसी भी अन्य देश द्वारा पाकिस्तान के इस अवैध कब्जे को लेकर दिए गए बयान या किसी भी टिप्पणी को पूरी तरह से खारिज करते हैं।*

---

**हरियाणा: 'सीएम फेस' का रिस्क नहीं लेगी कांग्रेस, जाट-दलित गठजोड़ बड़ी वजह**

## कांग्रेस हाईकमान विधानसभा चुनाव से पहले सबको रखना चाहता है एकजुट

**रॉयल पत्रिका**

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस किसी नेता को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर चुनाव नहीं लड़ेगी। दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान से जुड़े सूत्रों का कहना है कि हालिया लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में जाट दलित गठजोड़ के समीकरणों ने पार्टी की झोली में पांच सीटें डालने में अहम भूमिका अदा की है, ऐसे में भूपेन्द्र हुड्डा को सीएम फेस बनाया गया तो यह गठजोड़ कमजोर पड़ सकता है। कुमारी सैलजा भी हुड्डा के समांतर ही मुख्यमंत्री पद पर अपना दावा करती रहीं हैं, ऐसे में हुड्डा को तरजीह देने से दलित मतदाता कांग्रेस का हाथ छिटक सकता है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का दावा कर रहे कांग्रेस नेताओं में अंदरखाने की राजनीति धीरे-धीरे तेज होती जा रही है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित कांग्रेस मान रही है कि मंद-मंद ही सही पर जल्द होने वाले विधानसभा चुनाव की हवा उनके पक्ष में बहना शुरू हो चुकी है। हुड्डा खेमे ने रोहतक, हिसार, सोनीपत और अंबाला लोकसभा सीट जीती हैं, लिहाजा उनकी कोशिश है कि कांग्रेस हाईकमान भूपेन्द्र हुड्डा को सीएम फेस बनाकर विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ ताल ठोंके। उधर, सिरसा सीट पर बड़ी जीत के बाद उत्साहित सैलजा किसी भी सूरत में हुड्डा को खुला मैदान नहीं देने चाहती है। प्रदेश की बड़ी दलित नेता जानती हैं कि इस बार मुख्यमंत्री पद पर उनका दांव लग सकता है। वे हाईकमान के सामने सीएम फेस बनने का अपना दावा तो रख ही रहीं हैं साथ ही ये भी समझा रही हैं कि अगर दलितों की अनदेखी हुई तो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के समीप खड़ी दिखाई दे रही जीत भाजपा की तरफ सरक सकती है।

दिल्ली में कांग्रेस के रणनीतिकार इस बात से इंकार नहीं करते कि लोकसभा चुनाव में अपने खेमे के चार उम्मीदवारों को जितवाकर भूपेन्द्र हुड्डा अपना कद बढ़ाने में कामयाब रहे हैं पर वे इस बात से भी वाकिफ हैं कि कुमारी सैलजा की अनदेखी से चुनाव में नुकसान हो सकता है।

**2019 में इन सीटों पर बहुत कम रहा था जीत-हार का अंतर:** पिछले विधानसभा चुनाव में खरखौदा, गोहाना, सफीदों, रतिया,रोहतक,रिवाड़ी, नंहू, हथीन, होडल, फरीदाबाद एनआइटी, राई, असंद, इंद्री, कैथल, गुहला, पेहवा, थानेसर, रादौर, यमुनानगर, मुलाना, पंचकूला और बडखल जैसी सीटों पर जीत का अंतर बहुत ही कम रहा था।

### भाजपा- कांग्रेस में सीधी टक्कर से लड़ाई होगी रोचक

लोकसभा चुनाव में जननायक जनता पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल के चारों खाने चित होने के बाद अब यह लगभग तय है कि दो-चार को छोड़ दें तो लगभग सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर होने वाली है। अगर ऐसा होता है तो विपक्षी दलों के वोट उतनी बड़ी तादाद में नहीं बंट पायेंगे जिससे भाजपा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष फायदा हो जाए। 2019 के पिछले विधानसभा चुनाव में जजपा एक बड़ा फैक्टर बनकर सामने आई थी, इस नई पार्टी ने 14.9 फीसद वोट के बल पर 10 सीटें जीतकर चौंका दिया था पर हालिया लोकसभा चुनाव ने दुष्यंत चौटाला की सियासी कमर तोड़कर रख दी है। जजपा तो एक फीसद वोट भी नहीं हासिल कर पायी। आइएनएलडी को भी मात्र 1.74 फीसद वोट मिल पाये हैं। ऐसे में लगभग तय है कि अबकी बार भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर होगी।

### वोट फीसद के फेरबदल ने बढ़ाई भाजपा की चिंता

2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 36.7 फीसद वोट पाकर 40 सीटें जीती थी। कांग्रेस ने 28.2 फीसद वोट लेकर 30 सीटें हासिल की थी। जजपा ने 14.9 फीसद वोट पाकर 10 सीटें झटकी थी। बाकी सीटें अन्य के खाते में गई थी। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 43.67 फीसद वोट हासिल कर भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। भाजपा ने भले ही 46.11 फीसद वोट पाया वो पर विपक्ष के अन्य दलों जजपा 0.87 फीसद और आइएनएलडी 1.74 फीसद ने बहुत कमजोर प्रदर्शन कर कांग्रेस की हैसियत में बड़ा इजाफा कर दिया है।

---

## तो लोकसभा में विपक्ष के नेता नहीं होंगे राहुल गांधी

**रॉयल पत्रिका**

राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता बनकर संसदीय विधि विधानों में उलझने के बजाय कांग्रेस संगठन की 'ओवरहॉलिंग' उसे देशभर में चुस्तदुरुस्त करने में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मदद करना चाहते हैं। वे लगातार वरिष्ठ नेताओं को इस बात के संकेत दे रहे हैं कि किसी अन्य नेता को क्या ये जिम्मेदारी दी जा सकती है? यही वजह है कि पार्टी के अंदर से गौरव गोगोई का नाम तेजी से उभर रहा है। गोगोई युवा हैं। उत्तर पूर्व राज्य, असम से आते हैं। बतौर सांसद उनका इस बार पांचवां टर्म है। हिंदी, अंग्रेजी, असमी और अन्य भाषाओं पर उनकी अच्छी पकड है। अच्छे वक्ता हैं। राहुल गांधी की पसंद हैं। एआईसीसी के मंच से विभिन्न विषयों पर पार्टी की ओर से गौरव गोगोई को इन दिनों लगातार आगे भी किया जा रहा है। लेकिन अभी उनका नाम लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर अंतिम तौर पर तय नहीं हुआ है।

पार्टी के एक वर्ग का ये भी मानना है कि इंडिया गठबंधन के किसी साथी दल से किसी वरिष्ठ नेता को क्या विपक्ष का नेता बनाया जा सकता है? ताकि गठबंधन को और मजबूती से आकार दिया जा सके? विश्वस्त सूत्रों ने बताया, हां ऐसी चर्चा तो हो रही है, लेकिन विपक्ष के नेता की जिम्मेदारियों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व शायद ही किसी और दल को ये जिम्मेदारी देगा! एक दशक के बाद कांग्रेस पार्टी के पास लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने लायक सांसद जीत कर पहुंचे हैं। 2014 में 45 सांसद चुनकर आये थे। वर्ष



2019 में कांग्रेस सांसदों की संख्या थी 54 मामला फिर अटक गया था। विपक्ष के नेता पद के लिए कुल सदस्यता का दस फीसदी किसी दल के पास संसदीय ताकत होनी चाहिए। ये संख्या आती है 55 की। इस बार कांग्रेस पार्टी के 99 सांसद जीत कर आए। विपक्षी दलों में सबसे बडी पार्टी बनकर उभरी है। कांग्रेस पार्टी की उच्च निर्णायक समिति, सीडब्लूसी ने हफ्ते भर पहले ही एकसुर में राहुल गांधी से विपक्ष का नेता की जिम्मेदारी उठाने की गुजारिश की थी। अब जब संसद का संक्षिप्त सत्र इस महीने के आखिरी हफ्ते से शुरू होने जा रहा है ऐसे में विपक्ष के नेता का औपचारिक चुनाव किया जाना है। संसदीय राजनीति में लोकसभा के विपक्ष के नेता को 'शैडो पीएम' के रूप में भी देखा जाता है।

राहुल गांधी को इस पद को संभालने के निवेदन के पीछे सीडब्लूसी की ये मंशा भी थी। विपक्ष के नेता से विदेशी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात की परंपरा रही है। सीबीआई प्रमुख की नियुक्ति का मामला हो या फिर विभिन्न संवदेनशील पदों पर नियुक्ति विपक्ष का नेता उच्चस्त्रतरीय चयन समिति का सदस्य होता है। सांसदीय समितियों में नियुक्ति का मामला हो या फिर सांसदों को आवास आवंटन करने का मसला, ऐसे सभी विषयों में विपक्षी नेता का दखल होता है।

### रायबरेली या वायनाड

राहुल गांधी के पास केवल लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने का दबाव ही नहीं है उन्हें ये भी तय करना है कि केरल के वायनाड की सीट रखनी है या लोकसभा में रायबरेली का प्रतिनिधित्व करना है! राहुल गांधी के रणनीतिकारों का मानना है कि यूपी और बिहार में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन लंबे समय के बाद अच्छा रहा है। हिमाचल में सरकार है। राजस्थान, छत्तीसगढ में मजबूत स्थिति में हैं। यही समय है जब समूची हिंदी पट्टी में फिसलती कांग्रेस को संभाला जा सकता है। ये तभी सुनिश्चित हो सकता है जब राहुल गांधी अपनी परंपरागत सीट यूपी की रायबरेली का प्रतिनिधित्व लोकसभा में करें। सूत्रों ने बताया कि दोनों विषयों पर अगले हफ्ते तक फैसला किये जाने की संभावना है।

---

## डॉ किरोड़ीलाल जल्द दे सकते हैं मंत्रीपद से इस्तीफा

**सरकारी गाड़ी और ऑफिस आना छोड़ा; जिन सीटों की जिम्मेदारी मिली उनमें से 4 हारे थे**

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा देने की तैयारी कर ली है। डॉ किरोड़ी लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद सचिवालय, और कृषि भवन के दफ्तर नहीं गए हैं।

सरकारी गाड़ी भी छोड़ दी है। सरकारी कामकाज से भी लगभग दूरी बना ली है। इस्तीफे की घोषणा से पहले डॉ किरोड़ी के ये संकेत काफी कुछ इशारा कर रहे हैं।



सूत्रों के मुताबिक इस्तीफा लगभग तैयार है, उसके सीएम को भेजने भर की देरी है। अगले दो से तीन दिन में इसकी औपचारिक घोषणा कर सकते हैं। फिलहाल डॉ किरोड़ी ने इस मुद्दे पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। पूरे मसले पर उन्होंने चुप्पी साध रखी है।

**किरोड़ी ने कहा था, पीएम ने 7 सीटों की जिम्मेदारी दी, ये हारे तो इस्तीफा**

डॉ किरोड़ी ने लोकसभा चुनावों के प्रचार के दौरान घोषणा की थी कि अगर बीजेपी उम्मीदवार दौसा सीट हारा तो वे मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद उन्होंने घोषणा की थी कि पीएम मोदी ने उन्हें 7 सीटों की जिम्मेदारी दी है, इन सीटों पर बीजेपी हारी तो वे मंत्री पद छोड़ देंगे।

बीजेपी दौसा सीट हार गई और पूर्वी राजस्थान की करौली-धौलपुर, टोंक-सवाईमाधोपुर और भरतपुर सीट पर भी पार्टी को हार मिली।

**रिजल्ट के दिन लिखा- प्राण जाइ पर वचन न जाइ**

लोकसभा चुनावों के रिजल्ट से पहले रुझानों में बीजपी को 11 सीटें हारते देख ही मीणा ने दोपहर में ही सोशल मीडिया पोस्ट करके इस्तीफे के संकेत दे दिए थे।

उन्होंने रामचरित मानस की चौपाई— रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाइ पर वचन न जाइ, लिखकर संकेत दिए कि वे अपनी घोषणा से पीछे नहीं हटेंगे।

**न मनचाहा पद मिला, न भाई को टिकट**

किरोड़ीलाल मीणा ने लोकसभा चुनावों के नतीजों से पहले ही इस्तीफा देने की घोषणा के पीछे सियासी कारण हैं। विपक्ष में रहने के दौरान उन्होंने अकेले दम पर गहलोत सरकार के खिलाफ कई मुद्दे उठाए, खुद धरने प्रदर्शन किए। पेपरलीक से लेकर कई घोटाले उजागर कर लगातार गहलोत सरकार को घेरते रहे।

जब किरोड़ी को राज्यसभा सासंद रहते हुए विधानसभा का चुनाव लड़वाया तो मा नाजा रहा था कि उन्हें सरकार में कम से कम डिप्टी सीएम या पावरफुल मंत्री बनाया जाएगा। जब सरकार बनी तो उन्हें कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री बनाया, इन विभागों के भी टुकड़े करके दिए।

बताया जाता है कि सरकार बनने के बाद से ही वे असहज महसूस कर रहे थे। लोकसभा चुनावों में किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा दौसा से बीजेपी टिकट के दावेदार थे। बीजेपी ने दौसा से जगमोहन मीणा को टिकट नहीं दिया, उनकी जगह कन्हैयालाल मीणा को टिकट दिया। कन्हैयालाल मीणा बड़े अंतर से हारे।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय....

## NEET-UG पर सवाल, पारदर्शिता की कमी का आरोप

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) संचालित NEET-UG का रिजल्ट घोषित होते ही पेपरलीक और नंबर देने में गड़बड़ी से जुड़े वे आरोप फिर सामने आ गए, जो पहले भी सिर उठा चुके हैं। हालांकि NTA ने इन आरोपों और शिकायतों को गलत बताया है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने ठीक ही कहा कि इन शिकायतों को सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता कि परीक्षा NTA द्वारा संचालित की गई है।

**संदेह की गुंजाइश न रहे**

इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि आरोप पहली नजर में गंभीर लग रहे हैं। मसलन- इस बार 67 कैंडिडेट ऐसे रहे, जिन्हें 720 में से 720 नंबर मिले हैं, जबकि पिछले पांच वर्षों में फुल मार्क्स पाने वाले टॉपरों की संख्या महज 3 रही है। याचिका दायर करने वालों के मुताबिक, अजब संयोग यह भी है कि ये 67 स्टूडेंट्स खास कोचिंग सेंटर से जुड़े हैं। ग्रेस मार्क्स देने के आधार, उसके तरीके पर तो सवाल उठाया ही गया है, इसमें पारदर्शिता की कमी को भी मुद्दा बनाया गया है। इन सब पर हालांकि NTA का अपना स्पष्टीकरण है, लेकिन देश में जितने बड़े पैमाने पर स्टूडेंट्स इन परीक्षाओं में शामिल होते हैं और उनकी आकांक्षाएं जुड़ी होती हैं, उसे देखते हुए गड़बड़ी के संदेह के लिए कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जा सकती।

**परीक्षा प्रणाली में पूर्वाग्रह**

इन गड़बड़ियों से अलग, NEET-UG को लेकर एक अन्य स्तर पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या NEET-UG का कॉन्सेप्ट गरीब और ग्रामीण विरोधी है। खासतौर पर, तमिलनाडु सरकार यह आरोप लगाती रही है कि NEET-UG के कारण राज्य के तमिलभाषी स्टूडेंट्स को नुकसान हो रहा है। शुरू में इसे एक क्षेत्रीय दल की विशिष्ट राजनीति से जुड़ा मुद्दा माना गया। लेकिन इस बीच तमिलनाडु सरकार द्वारा गठित जस्टिस एके राजन कमिटी की रिपोर्ट आ गई है, जो इन आरोपों की पुष्टि करती दिख रही है।

**ग्रामीण स्टूडेंट्स की कम संख्या**

रिपोर्ट के मुताबिक, 2017 में NEET-UG शुरू होने के बाद से तमिलनाडु में मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पाने वाले तमिल मीडियम स्टूडेंट्स की संख्या में पहले के मुकाबले अच्छी-खासी गिरावट आई है, इंग्लिश मीडियम स्टूडेंट्स की संख्या इसी अनुपात में बढ़ गई है। यही ट्रेंड ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के स्टूडेंट्स में भी देखने को मिलता है।

**खुले दिल से हो विचार**

सवाल यह है कि क्या यही स्थिति अन्य राज्यों में भी बन रही है? अगर हां तो उसके पीछे क्या वजहें हैं इसे कैसे संतुलित किया जा सकता है? पेपरलीक और ग्रेस मार्क्स में कथित गड़बड़ियों की जांच तो हो ही, परीक्षा प्रणाली में जाने अनजाने रह गए पूर्वाग्रहों पर भी खुले दिल-दिमाग से विचार होना चाहिए।

# 20वीं पशुधन गणना में मोदी सरकार ने जाति के आंकड़े क्यों एकत्र किए थे?



हमारे देश में अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों (ओबीसी) और उच्च जातियों की राष्ट्रीय स्तर पर आखिरी गणना वर्ष 1931 में हुई थी। विभिन्न प्रशासनिक कार्यों के लिए 1931 के बाद प्रत्येक दस वर्ष में होने वाली जनगणना में सरकार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की गणना तो करती है लेकिन पिछड़ा वर्ग और कथित ऊंची जातियों को नहीं गिना जाता है। लोकसभा चुनावों के लिए अपने घोषणा पत्र में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने वादा किया था कि यदि कांग्रेस चुनाव जीतती है तो देश में राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़ा वर्ग और उच्च जातियों की जनगणना[1] कराई जाएगी। 21 अप्रैल को राजस्थान की एक चुनावी रैली में [2] प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के इस वायदे को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करते हुए कहा कि कांग्रेस हिंदुओं की संपत्ति का हिसाब लेकर इसे 'घुसपैठियों' मं् बांटना चाहती है। गुजरात की रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 'यदि आपके पास दो भैंस हैं और आप उन भैंसों को अपने बच्चों को देना चाहते है तो यदि कांग्रेस सत्ता में आती है, उन दो भैंसों में से एक कांग्रेस ले लेगी'। [3] इन भाषणों को सुनकर प्रतीत होता है कि भारतीय जनता पार्टी जाति जनगणना के खिलाफ है। 2021 की जनगणना को केंद्र सरकार के द्वारा लगातार टाले जाने के कारण अनुसूचित जाति और जनजातियों की नवीनतम गिनती नहीं हो पाई है, साथ ही चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा ने जिस प्रकार से कांग्रेस द्वारा जातियों की गिनती के प्रस्ताव के विषय में भ्रम फैलाया, उससे लगता है कि केंद्र सरकार में अपने दस साल के कार्यकाल में भाजपा ने शायद विभिन्न जातियों का ब्योरा जुटाने की कोई कोशिश नहीं की होगी। लेकिन यह पूरा सच नहीं है। भाजपा के शासन में 1 अक्टूबर 2018 से 20 सितंबर 2019 तक हुई 20वीं पशुधन गणना के दस्तावेज गवाह हैं कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्तर उन सभी परिवारों या गैर-घरेलू संस्थानों, जैसे मंदिर, एनजीओ, फार्म हाउस आदि के मालिकों की जाति के आंकड़े जमा किए थे जहां मवेशी (cattle)[4] पाले जाते है या मछली पालन किया जाता है। साथ ही, एक मीडिया[5] रिपोर्ट संकेत देती है कि ऐसे परिवार या गैर-घरेलू संस्थान जहां कुत्ते, हाथी, खरगोश सरीखे जानवरों को पाला जाता है जिनकी गिनती सरकार पशुधन के रूप में नहीं करती है, उन परिवारों या गैर-घरेलू संस्थानों के मालिकों की जाति का डेटा भी 20वीं पशुधन गणना में जुटाया गया था। उपरोक्त समूहों से जातियों का डेटा एकत्र करने का सीधा अर्थ है कि 20वीं पशुधन गणना में केंद्र सरकार ने न सिर्फ मैदानी उत्तर भारत से जातियों का ब्योरा बटोरा था बल्कि सरकार की संस्थाओं ने तटीय भारत के उन परिवारों और गैर-घरेलू संस्थाओं से भी संपर्क साधा था जो मछली पकड़ने/पालने का काम करते है। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार ने देश के कुल 25 करोड़ परिवारों में से बहुत सारे परिवारों के मालिकों की जाति का डेटा एकत्र किया था, जिनमें पिछड़ा वर्ग और उच्च जातियां शामिल थीं। सरकार ने पशुधन गणना के अंतर्गत जाति गणना को अंजाम दे दिया था, लेकिन फिर भी मोदी कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित जातियों की गणना कर कटाक्ष कर रहे थे। यदि जाति का ब्योरा जुटाने मात्र से देश की एकता और अखंडता को कोई खतरा है तो स्वयं भाजपा ने यह ब्योरा राष्ट्रीय स्तर पर क्यों इकट्ठा किया? यदि भाजपा ने देश भर से पशुपालकों की जाति का डेटा प्रशासनिक कार्यों के लिए नहीं जुटाया था, तो इस पूरी प्रक्रिया में भाजपा की भूमिका संदिग्ध नजर आती है। यहां हम यह तर्क नहीं दे रहे कि 20वीं पशुधन गणना के अंतर्गत जातियों की गिनती कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित अन्य पिछड़ा वर्ग और उच्च जातियों की गिनती के पूर्णतया समान थी। क्योंकि कांग्रेस के प्रस्ताव के अनुसार यदि वह चुनाव जीतती है तो देश में प्रत्येक ओबीसी जाति और उच्च जाति के लोगों की गिनती की जाएगी अर्थात, देश में कितने लोधी, कितने यादव और कितने ब्राह्मण हैं, आदि। यहां हम यह भी जोड़ रहे हैं कि ऐसा नहीं कि मोदी सरकार ने सबसे पहले पशुगणना के भीतर जाति गणना कराई थी। द वायर को प्राप्त हुए 19वीं पशुगणना के कुछ दस्तावेज इशारा करते है कि शायद मनमोहन सिंह के कार्यकाल में वर्ष 2007 में हुई 18वीं पशुगणना के दौरान भी पशु पालकों, मछुआरों आदि की जाति गणना की गई थी। हमारा तर्क यह है कि यदि भाजपा सरकार जातियों के आंकड़े राष्ट्रीय स्तर पर जुटा सकती है, तो कांग्रेस पर यह आरोप कैसे लगा सकती है कि जाति जनगणना से हिंदुओं की संपत्ति मुसलमानों के बीच वितरित होने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा? वर्ष 1931 के बाद सिर्फ बिहार में नीतीश कुमार की अध्यक्षता में ओबीसी और उच्च जातियों की गिनती कराई गई थी, जिसके आंकड़े वर्ष 2023 में बिहार सरकार ने जारी किए थे। लेकिन इससे पहले वर्ष 2019 में बिहार के एक अन्य राजनेता गिरिराज सिंह की अध्यक्षता में केंद्र सरकार ने देश में 20वीं पशुधन गणना करवाई थी। जब इस पशुधन गणना के आंकड़े जारी किए गए तो बहुत से लोगों ने ये कहा कि यदि केंद्र सरकार देश में गाय, घोड़े, भैंस आदि की गणना करा सकती है तो सरकार ओबीसी जातियों की गणना क्यों नहीं करा सकती है? लेकिन उस समय लोगों ने सिर्फ सरकार द्वारा जारी किए गए विभिन्न पशुओं की संख्या के आंकड़ों पर ध्यान दिया। अधिकांश लोग 20वीं पशुधन गणना के लिए देश भर में भरे गए फार्मों के उन कॉलमों को देखने से चूक गए, जहां एक कॉलम में पशुधन गणना करने वाले कर्मचारी को पशुधन मालिकों की जाति का उल्लेख करना था। चूंकि मोदी सरकार ने 20वीं पशुगणना के तहत गाय, भैंस और गधों आदि की संख्या को सार्वजनिक कर दिया लेकिन जातियों के आंकड़े को सार्वजनिक नहीं किया[6], उन्होंने यह जाति गणना क्यों करवाई, इसका कोई कारण आज तक नहीं मालूम है। शायद नई सरकार इस पर कोई प्रकाश डालेगी।

**संदर्भ**

[1] कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में प्रसिद्ध शब्द 'ओबीसी जाति जनगणना' के लिए 'Socio- Economic and Caste Census' शब्द का प्रयोग किया गया था। पूरी भारत जोड़ो यात्रा के समय कांग्रेस ने गिनती करो नारे के तहत शब्द, 'ओबीसी जाति जनगणना' पर ही जोर दिया था।

[2] 34वें मिनट से यह वीडियो देखें।

[3] 2। 23वें मिनट से यह वीडियो देखें।

[4] 'Cattle' शब्द व्यापक तौर पर गाय के संदर्भ में है। पशुधन गणना में सरकार ने अधिकांशतः 'Cattle' शब्द का ही प्रयोग किया है न कि 'गाय' शब्द का।

[5] नीचे दिया गया उद्धरण स्टॉर ऑफ मैसूर नाम के एक संस्थान की एक रिपोर्ट से लिया गया है। जब मैसूर में पशुधन गणना कर्मचारियों ने घर-घर के मालिकों की जाति पूछना शुरू किया तो संभवतः स्टॉर ऑफ मैसूर मात्र एक अकेला संस्थान था जिसे यह गतिविधि संदिग्ध प्रतीत हुई। यह उद्धरण इस बात का गवाह है कि वे घर/गैर घरेलू संस्थान जहाँ वे जानवर पाले जाते हैं, जिनको पशुधन में नहीं गिना जाता है, उन घरों/ गैर-घरेलू संस्थानों से भी जाति का डेटा जमा किया गया था- 'पालतू जानवर की नस्ल से जानवर के मालिक की जाति का क्या लेना-देना है? यह एक ऐसा प्रश्न है जिससे बहुत सारे पालतू जानवरों के मालिक परेशान हैं क्योंकि पशु गणना कर्मचारी पालतू जानवरों की नस्ल का हिसाब लिखते हुए जानवर के मालिकों की जाति भी पूछ रहे है। उदाहरण के तौर पर यदि किसी व्यक्ति के पास लेब्राडोर (कुत्ता) है और वह व्यक्ति किसी समुदाय विशेष से आता है तो पशुगणना कर्मचारी उस व्यक्ति के समुदाय का नाम भी दर्ज करेगा। इतना ही नहीं पशु के मालिक का व्यवसाय भी पूछा जा रहा है और उसे दर्ज किया जा रहा है। '

[6] मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के द्वारा 20वीं पशुधन गणना के सार्वजनिक किए गए सभी दस्तावेजों में फार्म 3A, 3B, 4A और 4B के कॉलम नंबर 6 के द्वारा एकत्र किए गए जाति के डेटा को सार्वजनिक नहीं किया गया था। जब मैंने इसी जाति के डेटा को मांगने के लिए आरटीआई आवेदन दायर किया तो मंत्रालय द्वारा 20वीं पशुधन गणना की रिपोर्ट थमा दी गई, जिसमें जाति का वह डेटा मौजूद था ही नहीं, जिसकी मांग की गई थी।

# स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक बढ़ाई गईं

### -बच्चों के लिए 28 जून तक बंद रहेंगे विद्यालय



यूपी। यूपी में भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश 24 जून तक के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं, बच्चों के लिए स्कूल 28 जून तक बंद रहेंगे। यूपी में भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक के लिए बढ़ा दी गई हैं। वहीं, बच्चों के लिए स्कूल 28 जून तक बंद रहेंगे। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जानकारी दी है। बता दें कि भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने गर्मी की छुट्टियां बढ़ाने की मांग की थी। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को भेजे पत्र में कहा था कि पूरा प्रदेश भीषण गर्मी व लू से तप रहा है। ऐसे में विद्यालयों को 18 जून से खोलना हितकर नहीं होगा। वहीं शिक्षकों की परस्पर तबादले की प्रक्रिया भी चल रही है। इसे देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां 30 जून तक की जाएं। उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को भेजे पत्र में कहा है कि वर्तमान में प्रदेश भर में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों का ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाया जाए।

# हार पर भाजपा में रार: हारे उम्मीदवारों ने बंद लिफाफे में सबूत समेत बताई वजह




उत्तर प्रदेश। उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार पर रार जारी है। हारे उम्मीदवारों ने विधायकों और कार्यकर्ताओं पर ठीकरा फोड़ा है। प्रदेश भाजपा संगठन ने हार की समीक्षा शुरू कर दी है। अवध क्षेत्र के हारे उम्मीदवारों के साथ पहली बैठक हुई। लोकसभा चुनाव में भाजपा के हारे हुए प्रत्याशियों ने अब खुद के खिलाफ विरोधी लहर होने की वजह से हुई हार का ठीकरा विधायकों और कार्यकर्ताओं पर फोड़ना शुरू कर दिया है। वहीं, पार्टी के प्रदेश संगठन ने क्षेत्रवार भाजपा की हार की समीक्षा शुरू कर दी है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को अवध क्षेत्र के हारे हुए प्रत्याशियों को बुलाकर हार के कारणों की जानकारी जुटाई गई। अधिकांश प्रत्याशियों ने संसदीय क्षेत्र के विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं पर भितरघात करने के साथ ही विपक्ष के आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने के मुद्दे को भी हार की वजह बताई है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने अवध क्षेत्र की एक-एक सीट पर हार की समीक्षा की। इसमें से बाराबंकी की प्रत्याशी रही राजरानी रावत नहीं पहुंची थी, जबकि श्रावस्ती, सीतापुर, खीरी, लखीमपुर, रायबरेली, फैजाबाद, अंबेडकरनगर, मोहनलालगंज से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी मुख्यालय पहुंचे थे। बता दें कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा 29 सीटें हार गई, इनमें मौजूदा 26 सांसद शामिल हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद हारे हुए उम्मीदवारों ने प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से अपने ही लोगों के भितरघात करने की शिकायत की थी। इस पर इन लोगों से लिखित शिकायत मांगी गई थी। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश मुख्यालय पहुंचे कुछ उम्मीदवारों ने बंद लिफाफे में सबूत समेत हार की वजहें बताई हैं। कई उम्मीदवारों ने यह भी बताया है विपक्ष द्वारा प्रचारित किए गए आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने के मुद्दे से नाराज दलित के साथ ही भाजपा को कोर वोटर रहे गैर यादव पिछड़ी जातियों ने भी भाजपा को वोट नहीं दिया। खास तौर कुर्मी, राजभर, शाक्य, पासी और मौर्या जैसी भाजपा समर्थक जातियों ने इस चुनाव में दूरी बना ली थी।

**वोटर निकालने में कार्यकर्ता नहीं जुटे**

कई उम्मीदवारों ने अपनी हार की ठीकरा स्थानीय कार्यकर्ताओं पर भी फोड़ा। उनका कहना था, पन्ना प्रमुख और बूथ कमेटियों ने उस तरह से काम नहीं किया। सिर्फ कागजों पर ही कार्यक्रम चलाए गए। जिनके कंधों पर मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने की जिम्मेदारी थी, वह खुद नहीं निकले। उधर, इसी कड़ी में शुक्रवार को कानपुर क्षेत्र के हारे हुए उम्मीदवारों के साथ बैठक होगी ।

# नहीं मिलेगा मुफ्त पानी-पार्किंग

### -निगम की वित्तीय स्थिति देख प्रशासक ने प्रस्ताव किया खारिज

चंडीगढ़ । मेयर बनने के बाद 11 मार्च को कुलदीप कुमार ने पहली जनरल हाउस की बैठक बुलाई थी। इसमें भाजपा के सभी पार्षदों को निलंबित करने के बाद 20 हजार लीटर मुफ्त पानी और पार्किंग मुफ्त करने का टेबल एजेंडा पास किया गया था। चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने वादा किया था कि लोकसभा चुनाव जीतने के बाद वह शहर की जनता को 20 हजार लीटर मुफ्त पानी और मुफ्त पार्किंग देंगे। वीरवार को चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने इस वादे की हवा निकाल दी। प्रशासक ने नगर निगम की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के बाद मुफ्त पानी के पास प्रस्ताव को खारिज कर दिया। पार्किंग भी मुफ्त नहीं होगी। इसके लिए दाम तय कर दिए गए हैं। प्रशासक ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ 24 घंटे पानी की परियोजना, वाटर सप्लाई के रखरखाव पर आ रहे खर्च, नगर निगम की कमाई और घाटे की विस्तृत समीक्षा की। नगर निगम ने प्रशासक को बताया कि घर-घर तक पानी पहुंचाने में निगम पहले ही करोड़ों के घाटे में है। वर्ष 2022-23 में 118 करोड़ का घाटा था, जो 2023-24 में घटकर 97 करोड़ हुआ लेकिन वर्ष 2024-25 में इस घाटे के 157 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा शहर में 24 घंटे पानी की परियोजना के लिए नगर निगम ने एएफडी से कर्ज ले रखा है। मार्च 2024 में कर्ज की पहली किस्त करीब एक मिलियन यूरो भी नगर निगम को मिल चुकी है। इस लोन को 15 जनवरी 2018 से 30 सामान सेमी-एनुअल इंस्टॉलमेंट में चुकाना है। अगर कर्ज की किस्त समय पर नहीं चुकाई जाती है तो देरी से भुगतान करने पर जुर्माना और डिफॉल्ट ब्याज भी देना होगा। अधिकारियों ने देखा कि नगर निगम का खर्च साल दर साल बढ़ रहा है लेकिन उस अनुपात में कमाई नहीं बढ़ पा रही है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए प्रशासक ने एमसी एक्ट-1994 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए सदन से पारित मुफ्त पानी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

**20 हजार लीटर मुफ्त पानी दिया तो सालाना 19.70 करोड़ का खर्च**

नगर निगम ने प्रशासक को यह भी बताया कि अगर शहर वासियों को 20 हजार लीटर मुफ्त पानी दिया जाता है तो इस पर कितना खर्च आएगा। बताया कि चंडीगढ़ में कुल करीब 1,64,926 पानी के कनेक्शन है। अगर इसे वर्तमान पानी के रेट के हिसाब से जोड़ेंगे तो करीब 16.42 करोड़ का सालाना खर्च आएगा। इस पर 20 फीसदी सीवरेज सेस को जोड़ दें तो हर साल कुल करीब 19.70 करोड़ का घाटा होगा। प्रशासक को बताया कि निगम की अधिकतम कमाई पानी के बिल और प्रॉपर्टी टैक्स से ही आती है।

**11 मार्च को पास हुआ था मुफ्त पानी का एजेंडा**

मेयर बनने के बाद 11 मार्च को कुलदीप कुमार ने पहली जनरल हाउस की बैठक बुलाई थी। बैठक काफी हंगामेदार रही थी। इस वजह से एक-एक कर भाजपा के लगभग सभी पार्षदों को निलंबित कर दिया गया था और फिर 20 हजार लीटर मुफ्त पानी और पार्किंग मुफ्त करने का टेबल एजेंडा पास किया गया था। 20 हजार लीटर मुफ्त पानी और पार्किंग का टेबल एजेंडा सिर्फ एक लाइन का था। यह कैसे लागू किया जाएगा और मुफ्त करने से जो राजस्व का घाटा होगा, उसकी प्रतिपूर्ति कैसे होगी, इसे को लेकर एजेंडे में कोई जानकारी नहीं थी।

# पीटीआई सांसद बोले- हिंदुस्तान के चुनाव में कोई धांधली नहीं हुई

पाकिस्तान। फराज ने अपनी सरकार से पूछा- क्या हिंदुस्तान के चुनावों के नतीजों को लेकर अभी तक एक भी आवाज उठी है। वहां की सारी पार्टियों ने मना है कि चुनाव निष्पक्ष हुए हैं। उन्होंने संसद में सवाल उठाया कि क्या कभी पाकिस्तान में भी बिना किसी धांधली के चुनाव हो सकते हैं। इमरान खान की पार्टी के सांसद शिबली फराज ने पाकिस्तानी संसद में भारत में हुए चुनाव की तारीफ की है। उन्होंने बुधवार को कहा कि सब जानते है कि पाकिस्तान में हुए चुनावों में धांधली हुई है पर हमारे पड़ोसी देश में भी चुनाव हुए, लेकिन आज कोई नहीं कह सकता कि इसमें धांधली की गई। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में 80 करोड़ लोगों ने वोट किया है। वहां वोटिंग के लिए लाखों पोलिंग स्टेशन बनाए गए थे। वहां एक व्यक्ति के लिए भी वोटिंग सेंटर बना था। हिन्दस्तान में पूरा इलेक्शन ईवीएम से हुआ, जो एक महीने से भी ज्यादा चला। फराज ने अपनी सरकार से पूछा- क्या हिंदुस्तान के चुनावों के नतीजों को लेकर अभी तक एक भी आवाज उठी है। वहां की सारी पार्टियों ने मना है कि चुनाव निष्पक्ष हुए हैं। उन्होंने संसद में सवाल उठाया कि क्या कभी पाकिस्तान में भी बिना किसी धांधली के चुनाव हो सकते हैं। बता दें कि पाकिस्तान में 8 फरवरी को चुनाव हुए थे, जिसमें इमरान खान की पार्टी हार गई थी। शिबली फराज ने संसद के स्पीकर सरदार सादिक से कहा कि हम लोग भी चाहते हैं कि पाकिस्तान में निष्पक्ष चुनाव हों। हमारे यहां चुनाव होते हैं तो इसके रिजल्ट्स को न तो हारने वाली पार्टी मानती है न ही जीतने वाली। इस तरह की चीज ने हमारी पॉलिटिकल सिस्टम को पूरी तरह खोखला कर दिया है।

# पांच जिंदा जले: पार्किंग ठेकेदार के घर में इस वजह से भड़की थी आग




गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी के बेहटा हाजीपुर में पार्किंग ठेकेदार शारिक के दोमंजिला मकान में बुधवार रात करीब आठ बजे लगी आग से पांच लोगों के जिंदा जल जाने के मामले की प्राथमिक जांच में कई जानकारी मिली हैं। पता चला है कि भूतल पर चल रहे अंडर गार्मेंट बनाने के कारखाने में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी गद्दे के फोम पर गिर जाने से आग लगी। फोम पूरे मकान में जगह-जगह रखे थे। साथ ही ज्वलनशील पदार्थ भी थे। इनसे आग तेजी से फैली। अग्निकांड का शिकार बने पांचों लोग जान बचाने के लिए छत के दरवाजे तक पहुंच गए थे, लेकिन वहां भी फोम रखे थे। इनमें लगी आग की विकराल लपटों की चपेट में पांचों लोग आ गए। उनके झुलसे हुए शव दरवाजे के पास ही पड़े मिले। वे लोग कुंडी नहीं खोल पाए। फायर ब्रिगेड की टीम ने बाहर से धक्का देकर दरवाजा तोड़ा। दरवाजा खुलते ही पांचों के शव नजर आए। इसके बाद मकान की दीवार को तोड़कर उनके शव निकाले गए। आग की लपटों के बीच शारिक की बहन उज्मा और हादसे में मारी गई दूसरी बहन नाजरा का दस साल का बेटा अर्श रहमान बाहर निकल पाए। उज्मा रहमान को लेकर छत की ओर नहीं बल्कि बालकनी की ओर भागीं। उन्हें आसपास के लोगों ने सीढ़ी के सहारे उतार लिया। हादसे के वक्त मकान में दूसरी मंजिल पर सात लोग थे। पांच छत की ओर भागे। पांचों जिंदा जल गए। गारमेंट फैक्टरी में शारिक की कार खड़ी थी। यह भी जल गई। इसी साल फरवरी में खोले गए कारखाने से ही आग दूसरी मंजिल पर पहुंची। परिवार के लोग दूसरी मंजिल पर रहते हैं।

**95 से 100 फीसदी जले**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि पांचों की मौत 95 से 100 फीसदी झुलसने से हुई है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मामले में किसी ने तहरीर नहीं दी। फिर भी पुलिस जांच कर रही है कि इस घटना में किसकी लापरवाही है।

**उज्मा और अर्श की हालत गंभीर**

शारिक के परिवार के लोगों ने बताया कि उज्मा 70 फीसदी और अर्श रहमान 25 फीसदी झुलस गए। दोनों का उपचार दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर है। हादसे में शारिक की पत्नी प्रवीन (26), सात माह का बेटा फैज, बहन नाजरा (28), बहनोई सैफुर रहमान (35) निवासी रटौल, बागपत और नाजरा की बेटी इकरा (सात) की मौत हो गई थी। हादसे के वक्त शारिक, उनके पिता इशहाक और भाई शाकिब घर से बाहर थे।

प्रारंभिक जांच में इलेक्ट्रॉनिक सामान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। फोम की वजह से आग फैल गई। पांचों लोगों के शव छत के दरवाजे के पास मिले। वहां भी फोम रखे थे।-

# सफाई व्यवस्था के बिगड़े हाल देख नाराज हुई मेयर

## बोली- 70 नाले अब तक नहीं हुए साफ, मैं संतुष्ट नहीं; कमिश्नर करें मॉनिटरिंग



मानसून से पहले ही जयपुर नगर निगम नालों की सफाई को लेकर एक्टिव हो गया है। शुक्रवार को मेयर मुनेश गुर्जर शहर के औचक निरीक्षण पर निकली। इस दौरान रामगढ़ मोड़ और ब्रह्मपुरी इलाके में नाले की सफाई ठीक से नहीं होने से मेयर नाराज हुईं।

उन्होंने कहा- मानसून जल्द दस्तक देने वाला है। लेकिन अब तक 70 नालों की सफाई तक पूरी नहीं हो पाई है। काफी जगह सफाई में कमियां भी मिली हैं। इसलिए मैं सफाई व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हूं। मुझे लगता है कि कमिश्नर साहब को भी इसकी मॉनिटरिंग करनी चाहिए। ताकि यह व्यवस्था बेहतर हो सकेगी।

दरअसल, बारिश के दौरान जयपुर शहर की सड़कें दरिया नहीं बनें। ऐसे में हेरिटेज निगम मेयर शुक्रवार को शहर में लगभग आधार दर्जन स्थानों पर चल रही नालों की सफाई का औचक निरीक्षण करने पहुंची थी। इस दौरान आमेर रोड पर रेनबो रेस्टोरेंट के पास नाले में कचरा जमा होने पर मेयर ने नाराजगी जाहिर की।

मेयर ने निगम अधिकारियों से नाला साफ नहीं होने का कारण पूछा। अधिकारियों ने बताया कि नाला गहरा होने के कारण मशीन नीचे नहीं पहुंच पाई है। इस पर मेयर ने नाले के निकास को पूरा खुलवाने के निर्देश दिए। वहीं, जयपुर ग्रामीण पुलिस लाइन के बाहर नलों में गंदगी देख मेयर ने अधिकारियों को लताड़ लगाई। उन्होंने मौके पर ही ठेकेदार को बुलाकर फिर से नाला साफ करने के आदेश दिए।

मेयर मुनेश गुर्जर ने कहा- शहर में बारिश से पहले नालों की सफाई पूरी हो जानी चाहिए थी। लेकिन आज निरीक्षण के दौरान लगभग 70 नाल ऐसे मिले, जहां अब तक नाला सफाई का काम पूरा नहीं हो पाया है। काफी जगह सफाई व्यवस्था में खामियां भी मिली हैं। इससे मैं संतुष्ट नहीं हूं, मुझे लगता है कि मैं और निगम कमिश्नर अगर इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। तो सफाई का काम और बेहतर हो सकता है।

मेयर मुनेश गुर्जर ने अपने औचक निरिक्षण की शुरुआत चांदी की टकसाल से की। इसके बाद मेयर ने सुभाष चोक, ब्रहमपुरी, कागदीवाडा, रामगढ़ मोड, काले हनुमान जी, तमिल कॉलोनी, गुर्जर घाटी, जलमहल, नागतलाई, आरएसी कॉलोनी, पहाडगंज इलाके में नालों की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर के साथ हेरिटेज निगम के अधीक्षण अभियंता श्रवण कुमार वर्मा सहित चारों जोन के एक्सईएन, जेईएन और निगम मुख्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।

# दी बार एसोसियेशन की महिला अधिवक्ताओ के प्रयास और समस्त अधिवक्ताओ के सहयोग से नीबूं शिकंजी वितरण किया गया




जयपुर।दी बार एसोसिएशन सांगानेर की महिला अधिवक्ताओ के प्रयास और सांगानेर के समस्त अधिवक्ताओ के सहयोग से सांगानेर स्थित न्यायालय परिक्षेत्र में नींबू शिकंजी , केरी पौदीना का शरबत वितरण किया गया इस विशेष आयोजन का उद्देश्य जून की तपती धूप में अधिवक्ताओ, न्यायायिक अधिकारियों, न्यायालय कर्मचारियो एवम अदालत परिसर में आने वाले अन्य लोगो को ताजगी व राहत प्रदान करना था

इस कार्यक्रम का आयोजन दी बार एसोसिएशन की महिला अधिवक्ताओ द्वारा किया गया था जिन्का सभी अधिवक्ताओ ने सहयोग किया दी बार एसोसियेशन की सदस्य निगार सुल्ताना, सीता बैरवा ,उषा खंडेलवाल ,कृष्णा कुमारी ने सभी साथी अधिवक्ताओ को इस भरपूर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

दी बार एसोसिएशन सांगानेर के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रकाश तिवारी, रामजीलाल चौधरी, अरुण गोयल एवम शंकर लाल कुमावत तथा विश्वनाथ मिश्रा जी ने कार्यक्रम व व्यवस्था की सराहना व प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमो से अधिवक्ताओ के बीच आपसी सहयोग व सामंजस्य को मजबूती मिलती है।

दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हंसराज भहरवाल ने सभी साथियों को सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई व धन्यवाद दिया

# शाहिस्ता ने 92% अंक लाकर क्षेत्र में किया टॉप



जयपुर। राजधानी जयपुर के खो नागोरियान स्थित आइडियल पब्लिक सेकेंडरी स्कूल की छात्रा शाहिस्ता पुत्री रफीक मोहम्मद ने दसवीं की परीक्षा में 92% अंक लाकर खो नागोरियान क्षेत्र के स्कूलों में टॉप किया है। शाइस्ता ने सभी विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त की है।

# जयपुर में कपड़े के गोदाम में लगी आग

## दो कॉन्स्टेबल ने पानी की मशीनों, बाल्टियों और लोगों की मदद से काबू पाया



जयपुर के गलता गेट थाना इलाके के ईदगाह दो नंबर पुलिया के सामने चार मंजिला इमारत के बेसमेंट में चल रहे कपड़े के गोदाम में देर रात भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना लोगों ने गलता गेट थाना पुलिस को दी।

इसके बाद गलता गेट थाना पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल प्रदीप सिंह और कॉन्स्टेबल कुलदीप कुछ ही मिनट में मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

आग विकराल रूप ले उससे पहले पानी की मशीनों और बाल्टियों से आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने के दौरान दोनों ही जवानों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से जलते हुए कपड़ों की गंठरियों को बाहर फेंका।

गनीमत यह रही कि आग पूरी बिल्डिंग में नहीं फैली। ऐसा होता तो पांच मंजिला इमारत चपेट में आ जाती। लोगों का कहना है कि जिस तरह से इलाके में अवैध गोदाम और फैक्ट्री चल रही है, उससे हम लोगों का जीना दुश्वार है, यदि आग विकराल रूप ले ली थी तो इसका जिम्मेदार कौन होता।

गलता गेट थाना पुलिस आग लगने के कारणों पर जांच कर रही हैं। बस्सी में इस प्रकार की अवैध फैक्ट्री और कबाड़ के गोदाम आबादी वाली जगहों पर चल रहे हैं। घटना होने के बाद कार्रवाई की बात होती है लेकिन इन पर कोई एक्शन नहीं होने से ये दोबारा से संचालित होने लगी हैं।

# जयपुर में मोबाइल कॉल पर दोस्ती, नाबालिग लड़की से रेप

## मिलने बुलाकर कैफे में की जबरदस्ती, वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी



जयपुर में मोबाइल कॉल पर दोस्ती कर एक नाबालिग लड़की से रेप करने का मामला सामने आया है। मिलने बुलाकर आरोपी ने एक कैफे में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। करणी विहार थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच SHO (करणी विहार) गजेन्द्र सिंह कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया- श्याम नगर निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनकी 15 साल की बेटी के साथ एक लड़के ने रेप किया है। शिकायत में बताया- करीब 20 दिन पहले नाबालिग बेटी के मोबाइल कॉल पर एक लड़के से बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने मिलने के बहाने उसे बुलाया। एक जून को मिलने जाने पर आरोपी गांधी पथ स्थित एक कैफे में नाबालिग बेटी को ले गया।

वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी

कैफे के कमरे में आरोपी ने नाबालिग के साथ जबरदस्ती रेप किया। उसका वीडियो अपने मोबाइल में बनाकर वायरल करने की धमकी दी। किसी को बताने पर परिवार को मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। डरी-सहमी रहने के बाद नाबालिग बेटी ने परिजनों को आपबीती सुनाई। करणी विहार थाने में नाबालिग पीड़िता के साथ पहुंचे पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# जयपुर समेत 17 जिलों में बारिश का अलर्ट

## ज हवा चलने की संभावना; हीटवेव का भी असर रहेगा

राजस्थान में आज भी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। कोटा, बारां, झालावाड़,



बूंदी, जयपुर, सीकर, दौसा, झुंझुनूं, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में बरसात के साथ तेज हवा भी चल सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 4-5 दिन राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में दोपहर बाद आंधी और बारिश की संभावना है। वहीं, कहीं-कहीं हीटवेव भी चल सकती है। इससे तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

इससे पहले, गुरुवार को करौली, हनुमानगढ़, धौलपुर, श्रीगंगानगर, चूरू, पिलानी, अलवर और टोंक में गर्मी तेज रही। इन शहरों में कल अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा गर्मी श्रीगंगानगर में रही, जहां अधिकतम तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आंधी-बारिश के कारण झुंझुनूं में

ट्रांसफार्मर गिरा

जयपुर, कोटा और झुंझुनूं में कल दोपहर बाद आंधी चली और बादल छाए। जयपुर में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। झुंझुनूं में तेज हवा के साथ बारिश हुई। तेज हवा के कारण कुछ जगह पेड़-पौधे और बिजली के ट्रांसफार्मर गिर गए।

कोटा में भी गरज-चमक के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम के इस बदलाव के बाद इन शहरों में तापमान में मामूली गिरावट हुई।

चित्तौड़गढ़ में एक इंच बारिश

राजस्थान में पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट देखें तो चित्तौड़गढ़ में कल एक इंच से ज्यादा बरसात हुई। चित्तौड़गढ़ के भैंसरोडगढ़ में 27 MM, बारां के मांगरोल में 14, अलवर के थानागाजी में 2, सवाई माधोपुर के मलारना डूंगर में 3, झुंझुनूं में 16, दौसा के सिकराय में 7, बांदीकुई में 2, झालावाड़ के झालरापाटन में 8, खानपुर-बाकनी में 2-2 और अलवर के थानागाजी में 2MM बारिश दर्ज हुई।

# अचानक जयपुर के बायोलॉजिकल पार्क पहुंचे वन मंत्री

## विंडो से लिया टिकट; जानवरों के खाने से आ रही थी बदबू, कर्मचारी नदारद मिले



राजस्थान में बीजेपी सरकार के मंत्री अब एक्शन मोड में आ गए हैं। गुरुवार दोपहर 1 बजे वन मंत्री संजय शर्मा आम आदमी की तरह जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में औचक निरीक्षण करने पहुंचे।

उन्होंने वन विभाग के कर्मचारियों को बताए बिना निजी गाड़ी से पार्क में एंट्री ली। गाड़ी का एंट्री टिकट भी कटवाया। आम पर्यटक की तरह लाइन में लगकर विंडो से पार्क में विजिट का टिकट लिया।

वन मंत्री ने जब पार्क में एंट्री ली, तो वन विभाग के कर्मचारियों की ओर से वहां कोई चेकिंग नहीं की गई। पार्क में काफी अनियमितताएं सामने आईं। इसके बाद वन मंत्री ने आला अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

यही नहीं, मंत्री ने पार्क में प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने और वन्य जीवों को निर्धारित वक्त पर उच्च गुणवत्ता युक्त भोजन देने के आदेश दिए।

जगह-जगह कचरे का ढेर मिला

वन मंत्री को बायोलॉजिकल पार्क में जगह-जगह कचरे का ढेर और प्लास्टिक की बोतल नजर आईं। मंत्री संजय शर्मा वन विभाग के स्टाफ ऑफिस पहुंचे। जहां उन्होंने अटेंडेंस रजिस्टर चेक किया। इसके मिलान में उस वक्त काफी कर्मचारी नदारद मिले। स्टाफ ऑफिस में भी प्रतिबंध के बावजूद प्लास्टिक की बोतल रखी हुई दिखीं। इस पर शर्मा ने आपत्ति दर्ज करते हुए भविष्य में प्लास्टिक बोतल का इस्तेमाल करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

वन्य जीवों के खाने से आ रही थी बदबू

इसके बाद वन मंत्री बायोलॉजिकल पार्क के निरीक्षण पर निकले, तो दोपहर 1:30 बजे वन्य जीवों को भोजन परोसा जा रहा था। जबकि वन्य जीवों को भोजन परोसने का निर्धारित समय सुबह 11 बजे था। शर्मा ने वन्य जीवों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को जांचा। इसमें काफी बदबू आ रही थी। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जांच के आदेश दिए।

# EHCC हॉस्पिटल में संचालित IVF सेंटर ब्लैकलिस्टेड

## बिना रजिस्ट्रेशन चलाने पर मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट ने लिया निर्णय



जयपुर के बड़े निजी हॉस्पिटल EHCC में संचालित रिसा आईवीएफ सेंटर को राज्य सरकार ने ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय किया है। बिना रजिस्ट्रेशन करवाए सेंटर संचालित करने पर मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट ने आज इसे ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय करते हुए रिसा आईवीएफ सेंटर के खिलाफ कोर्ट के जरिए मुकदमा दर्ज करवाने का निर्णय किया है। इसके साथ ही हॉस्पिटल प्रशासन को नोटिस जारी किया जाएगा। हेल्थ डिपार्टमेंट की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह की अध्यक्षता में आज देर शाम सचिवालय में हुई एआरटी एवं सरोगेसी की स्टेट एप्रोप्रिएट अथॉरिटी की बैठक ये निर्णय किया गया। एसीएस ने बताया कि EHCC हॉस्पिटल में बिना रजिस्ट्रेशन करवाए ही आईवीएफ सेंटर संचालित था, जिसे ब्लैकलिस्ट करने पर निर्णय किया गया। उन्होंने बताया कि हम हॉस्पिटल प्रशासन को नोटिस जारी कर इस पर स्पष्टीकरण भी मांगेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बैठक में 28 एआरटी बैंक, 27 एआरटी क्लीनिक लेवल-प्रथम, 22 एआरटी लेवल-द्वितीय एवं 10 सरोगेसी क्लीनिक के लिए जो आवेदन आए थे, उनको निरस्त किया। इन आवेदनों में ज्यादातर ने आवेदन फीस जमा नहीं करवा रखी थी।

स्टाफ के लिए जारी होगी अलग से गाइडलाइन

एसीएस ने बताया कि बैठक में 2 एआरटी बैंक, 3 एआरटी लेवल-प्रथम, 2 एआरटी लेवल-द्वितीय का फिजिकल वैरीफिकेशन करने के बाद कमेटी उनका रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने का निर्णय लिया है। एसीएस ने बताया कि जल्द ही सरकार एआरटी बैंक और सरोगेसी क्लिनिकों पर कार्यरत स्टाफ के कार्य छोड़ने, हटाने और नए नियुक्त किए जाने के संबंध में एक अलग से एडवाजरी जारी की जाएगी।

# जिला कलक्टर मंत्री ने ली नगर परिषद विभिन्न कार्या की समीक्षा बैठक, पाली हो साफ सुथरा, मानसून पूर्व करें सभी तैयारी, अच्छे कार्यों के लिये होगी सराहना, कौताही पर होगी कार्रवाई- मंत्री



पाली। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बुधवार सांय नगर परिषद के विभिन्न कार्यो, पाली शहर में सफाई व्यवस्था, मानसून पूर्व सफाई एवं तैयारी तथा सीवरेज आदि बिन्दओ को लेकर एक आवश्यक बैठक ली। बैठक में जिला कलक्टर ने शहर कि साफ सफाई व मानसून के पहले के आवश्यक तैयारी को परखते हुये आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगर परिषद को सभी से मिलकर सहयोग से कार्य करना चाहिये व कई कमियों के चलते एक विशेष धारणा बन गयी है कि पाली शहर साफ सुथरा नही है इस धारणा को नगर परिषद को कठिन परिश्रम करके बदलना चाहिये। बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने नगर परिषद के सभी महत्वपूर्ण कार्यों,कार्मिको, उनके द्वारा किये जा रहे कार्य सम्पादन के बारे में जिनमे कुल सफाई कार्मिक, एरिया वार्ड, इक्यूपमेन्ट, रूटीन साफ सफाई, नालों की सफाई सिवरेज, कचरा निस्तारण व स्थान की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को अपने सकारात्मक कार्यों का प्रचार प्रसार भी करने के लिये कहा। कचरा स्टैंड से कचरा सौ प्रतिशत प्रतिदिन उठाये - कलक्टर बैठक में जिला कलक्टर ने कचरा स्टैंड की जानकारी ली व कहा कि सभी कचरा स्टैंड से कचरा सौ प्रतिशत प्रतिदिन उठाये व शहर में कही भी कचरा नजर ना आये।

बारिश व स्वच्छता के कार्य को दें प्राथमिकता, 30 जून तक नालों की सफाई के दिये निर्देश

जिला कलक्टर ने बारिश से सम्बन्धी आवश्यक इंतजाम वाले कार्या व शहर की साफ सफाई के कार्या को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये साथ ही मानसून आने से पहले सभी पाली शहर के नालो की सफाई 30 जून तक करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिला कलक्टर ने नगर परिषद के अन्य कार्या व प्रगतिरत कार्यो की जानकारी ली, जिनमें नगर परिषद एरिया की सडके , सिवरेज की जानकारी भी ली व आवश्यक निर्देश भी दिये। बिना अनुमति नगर परिषद की सडक खोदने रोड कट पर होगी सख्त कार्रवाई ,तत्काल ठीक कराने के लिये किया पाबंद बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि नगर परिषद की सडकों को बिना अनुमति खोदने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी उन्होंने कहा कि यदि कोई बिना अनुमति सडके खोदता है तो मेरे संज्ञान में लाया जाये उस पर कार्रवाई की जायेगी।

**<u>*गंदगी फैलाने वाले पर हो जुर्माना,चलाये अभियान*-</u>**

बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि नगर परिषद गंदगी फैलाने वालों के विरूद्व जुर्माना लगाये व अभियान चलाये जिससे शहर में गंदगी ना हो। बैठक में साथ ही नगर परिषद की बकाया देनदारियों ,स्वीकृत योजना ,विभिन्न मदों के फण्ड व आय की जानकारी , व शहर के सम्पूर्ण सिवरेज व्यवस्था के बारे में ,क्लीनींग ,मैटेन्स , सीवरेज पानी निकासी ,आमजन की समस्या निस्तारण करने का मैकेनिज्म के बारे में जानकारी लेकर प्रचार प्रसार करने के व नगर परिषद को पट्टा वितरण करने व कचरा निस्तारण व राजस्व अर्जन के लिये लिये निर्देश दिये। बैठक में नगर परिषद आयुक्त ने नगर परिषद के सभी कार्या की जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलींग भवानी सिंह, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, नगर परिषद आयुक्त आशुतोष आचार्य, नगर परिषद सचिव स्वरूप सिंह, एक्सईएन राधाकिशन , स्वास्थ्य अधिकारी ,जितेन्द्र सोनी , सहायक स्वास्थ्य अधि लोकेश जैन व अन्य सम्बन्धी कार्मिक मौजूद रहे

## जिला कलक्टर मंत्री ने जिला टास्क फोर्स एवं महिला समाधान समिति की बैठक लेकर दिये आवश्यक निर्देश

पाली । जिला कलक्टर कार्यालय में बुधवार को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के तहत जिला टास्क फोर्स की बैठक अपराहन जिला कलक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री की अध्यक्षता में सम्पूर्ण हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने बालिकाओं के लिये बेटी बचाओ बेटी पढाओ से सम्बधित वित्तीय वर्ष 2024 . 25 के लिये डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान पर चर्चा कर उस पर प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीडन से बचाव, रोकथाम सुरक्षा के लिये महिला समाधान तंत्र विकसित करने के लिय त्रिस्तरीय महिला समाधान समिति गठित संभाग, जिला, उपखंड स्तर पर साथ ही महिला उत्पीडन मामलों में विधिक ,प्रशासनिक कार्यवाही, व आर्थिक सहायता उत्पीडीत महिला के लिये विधिक, पुलिस , आर्थिक ,निःशुल्क चिकित्सा सहायता व उनके ठहराव पर चर्चा कर निर्देश दिये। साथ ही विधिक सहायता के प्रकरणों के बारे में ,समस्या विशेष पर परामर्श के बारे में , उत्पीडन व शोषण के प्रकरणों का पुनरीक्षण व आवश्यक कार्रवाई के बारे में निर्देश दिये।

**<u>समाधान समिति के कार्य व उद्देश्यों पर की चर्चा .</u>**

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने वन स्टॉप सेंटर एवं महिला सुरक्षा केन्द्र की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की साथ ही बगड़ी रोह सुमेरपुरए फालना एवं जैतारण पुलिस थानों पर महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के संचालन के लिए संस्था की प्रगति रिपोर्ट जांची। इसके साथ ही विभागों में आंतरिक समिति के गठन पर चर्चा की गई। सखी वन स्टॉप सेन्टर की स्थिति वहां उपलब्ध साधन सुविधाओं के बारे में चिकित्सा व मनोचिकित्सा ,पुलिस सहायता ,अस्थाई आवास के बारे में निर्देश दिये साथ ही उन्होंने इनसे सम्बन्धित प्रकरणों की जानकारी ली उपनिदेशक महिला अधिकारिता ने बताया कि साल 23-24 के 380 प्रकरणों का निस्तारण किया गया ।

**<u>महिला दिवस पर किया जायेगा सम्मान</u>**

जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान जिन दम्पत्तियो के एकल बेटी या दो बेटियो के होने के बाद नसबंदी करवा ली गयी है उन्हें महिला दिवस पर सम्मानित करने के लिये कहा साथ ही पीसीपीएनडीटी कार्यशाला के आयोजन पर भी चर्चा की गई।

इस मौके पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजौराए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश जयसवाल, सीबीओ मारवाड़ शंकरसिंह उदावत, धमेन्द्र पालरिया, किशनसिंह राजपुरोहित, जिला हब एन्वायरमेंट ऑफ वुमन जैण्डर स्पेशलिस्ट राजश्री चौहान, एमटीएस इन्दबाला, अजीज खान, भवानसिंह राणावत, धमेन्द्र दया आदि मौजूद रहे।


## लीकेज ठीक कराकर खेतों और जलाशय फाउंडेशन को नुकसान बचाया

हनुमानगढ । जिले में अंतिम छोर तक सुचारू जलापूर्ति के लिए जिला प्रशासन संकल्पित है। जिला कलेक्टर काना राम, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी पीएचईडी अधिकारियों के साथ नियमित जलापूर्ति का निरीक्षण कर रहे हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड हनुमानगढ़ के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि जलयोजना 17 केएसपी के गांव किशनपुरा दिखनादा में पानी आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। यहां गुरुद्वारा के पास स्थित उच्च जलाशय की आउटलेट एवं इनलेट की पाइप फाउंडेशन के अंदर से लीकेज होने से पानी नजदीक के काश्तकारों के खेत एवं उच्च जलाशय के फाउंडेशन में जा रहा था। काश्तकारों की शिकायत एवं उच्च जलाशय को लीकेज से हो रहे नुकसान के कारण आउटलेट एवं इनलेट की पाईप लाईन का लीकेज ठीक कराना अतिआवश्यक था। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन को तोड़कर पाईप लाईन लीकेज सही कराकर 11 जून 2024 मंगलवार दोपहर 2 बजे जलापूर्ति चालू करा दी गई थी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाईप लाईन डालने का कार्य चल रहा है। टेस्टिंग के दौरान पाईप लाईन लीकेज संधारण के लिए खड्डे खुदवाए जाते है, जिसे पाईप लाइन संधारण के तुरंत बाद नरवा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत के बाद जलयोजना पर कार्यरत कर्मचारी श्यापतराम की जगह अन्य कर्मचारी को नियुक्त किया गया है। कर्मचारी को जलापूर्ति समय पर एवं सुचारू रूप से करने के लिए पाबंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जलापूर्ति में समस्या होने पर आमजन कार्यालय में या कार्मिक को सीधे फोन पर सूचित कर सकते हैं।

## गुरुवार को दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

मनोहरपुर। टोडी ग्राम पंचायत में स्थित 220 केवी गिर स्टेशन पर मरम्मत कार्य के चलते बिजली निगम के सहायक अभियंता कार्यालय के अधीनस्थ कई 33 केवी फीडरो पर गुरुवार को दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली निगम के कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमावत ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते 33 केवी जीएसएस चक मनोहरपुर, टोड़ी, चंदवाजी से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडरो पर सुबह 6 से 8 बजे तक तथा 33/11 केवी जीएसएस रतनपुरा से निकलने वाले 11 केवी फीडरो पर 8.15 से 9.15 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## जिला कलक्टर मंत्री ने जिला टास्क फोर्स की बैठक लेकर दिये आवश्यक निर्देश



पाली । जिला कलक्टर कार्यालय में बुधवार को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के तहत जिला टास्क फोर्स की बैठक अपराहन जिला कलक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री की अध्यक्षता में सम्पूर्ण हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने बालिकाओं के लिये बेटी बचाओ बेटी पढाओ से सम्बधित वित्तीय वर्ष 2024 . 25 के लिये डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान पर चर्चा कर उस पर प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीडन से बचाव, रोकथाम सुरक्षा के लिये महिला समाधान तंत्र विकसित करने के लिय त्रिस्तरीय महिला समाधान समिति गठित संभाग, जिला, उपखंड स्तर पर साथ ही महिला उत्पीडन मामलों में विधिक ,प्रशासनिक कार्यवाही, व आर्थिक सहायता उत्पीडीत महिला के लिये विधिक, पुलिस , आर्थिक ,निःशुल्क चिकित्सा सहायता व उनके ठहराव पर चर्चा कर निर्देश दिये। साथ ही विधिक सहायता के प्रकरणों के बारे में ,समस्या विशेष पर परामर्श के बारे में , उत्पीडन व शोषण के प्रकरणों का पुनरीक्षण व आवश्यक कार्रवाई के बारे में निर्देश दिये।

समाधान समिति के कार्य व उद्देश्यों पर की चर्चा .

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने वन स्टॉप सेंटर एवं महिला सुरक्षा केन्द्र की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की साथ ही बगड़ी रोह सुमेरपुरए फालना एवं जैतारण पुलिस थानों पर महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के संचालन के लिए संस्था की प्रगति रिपोर्ट जांची। इसके साथ ही विभागों में आंतरिक समिति के गठन पर चर्चा की गई। सखी वन स्टॉप सेन्टर की स्थिति वहां उपलब्ध साधन सुविधाओं के बारे में चिकित्सा व मनोचिकित्सा ,पुलिस सहायता ,अस्थाई आवास के बारे में निर्देश दिये साथ ही उन्होंने इनसे सम्बन्धित प्रकरणों की जानकारी ली उपनिदेशक महिला अधिकारिता ने बताया कि साल 23-24 के 380 प्रकरणों का निस्तारण किया गया ।

महिला दिवस पर किया जायेगा सम्मान

जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान जिन दम्पत्तियो के एकल बेटी या दो बेटियो के होने के बाद नसबंदी करवा ली गयी है उन्हें महिला दिवस पर सम्मानित करने के लिये कहा साथ ही पीसीपीएनडीटी कार्यशाला के आयोजन पर भी चर्चा की गई।

इस मौके पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजौराए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश जयसवाल, सीबीओ मारवाड़ शंकरसिंह उदावत, धमेन्द्र पालरिया, किशनसिंह राजपुरोहित, जिला हब एन्वायरमेंट ऑफ वुमन जैण्डर स्पेशलिस्ट राजश्री चौहान, एमटीएस इन्दबाला, अजीज खान, भवानसिंह राणावत, धमेन्द्र दया आदि मौजूद रहे।

## सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में अचानक बजा फायरिंग सायरन




बीकानेर । एसएसबी सेंटर में आज सुबह अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर सेंटर के हाईडेंड से पानी चलाकर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान एसएसबी स्टाफ सहित सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे। अचानक आग लगने की स्थिति में आग बुझाने वाले उपकरणों का कैसे प्रयोग किया जाए और दमकल विभाग की टीम के पहुंचने से पहले आग पर काबू कैसे पाया जाए, इसको हॉस्पिटल के मरीजों और कर्मचारियों को बताया गया। सिविल डिफेंस के योगराज सिंह के नेतृत्व में एसएसबी ब्लाक में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान मॉक ड्रिल में हॉस्पिटल स्टाफ और वहां उपस्थित लोगों को अग्निशमन उपकरणों को अग्निकांड के दौरान कैसे उपयोग किया जाता है, इसका प्रशिक्षण दिया गया। उप अधीक्षक गौरी शंकर जोशी ने बताया कि सेंटर के स्टाफ एवं मरीजों को अचानक आग लगने की स्थिति में फायर टीम के पहुंचने से पहले आग बुझाने वाले उपकरणों का प्रयोग करने के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कहा अधिकतर लोगों को मालूम नहीं है कि आग बुझाने वाले उपकरणों का उपयोग कैसे करते हैं। सेंटर के स्टाफ को इसके बारे में बताया गया। आगामी दिनों में सिविल डिफेंस कर्मियों के साथ कार्यशाला आयोजित कर स्टाफ को अचानक आग लगने पर दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले आग पर कैसे काबू पाया जाए बताया जाएगा।

## फर्जी सर्टिफिकेट के सहारे झुंझुनू के हॉस्पिटल

झुंझुनू । राजस्थान मेडिकल काउंसिल (आरएमसी) ने प्रदेश के 10 डॉक्टरों के खिलाफ एक्शन लिया है। इन सभी का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड कर दिया गया है। इनमें कुछ डॉक्टर ऐसे भी हैं, जिन्होंने नेशनल मेडिकल काउंसिल की परीक्षा का फर्जी सर्टिफिकेट बनवाया था। झुंझुनू जिला मुख्यालय पर धनखड़ हॉस्पिटल में हाल ही में महिला की लापरवाही पूर्वक संक्रमित किडनी के स्थान पर सही किडनी निकालने के मामले में आरोपी डॉक्टर संजय धनखड़ का पंजीयन निरस्त कर दिया गया है। राजस्थान मेडिकल काउंसिल की जनरल बॉडी की बैठक आज आयोजित हुई, जिसमें डॉक्टर संजय धनखड़ के साथ आठ चिकित्सकों का पंजीयन निरस्त किया गया है, वहीं दो का निलंबित कर दिया गया है। राजस्थान मेडिकल काउंसिल की जनरल बॉडी की बैठक निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज से 22 मनोनीत सदस्यों ने भाग लिया। निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि बैठक में पैनल एंड एथिकल कमेटी के समक्ष कुल 25 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। जिसमें एनएमसी, दिल्ली के दिशा-निर्देश अनुसार 8 चिकित्सकों का पंजीयन निरस्त किया गया एवं दो चिकित्सकों का पंजीयन 6 माह के लिए निलंबित किया गया है।

## 10 हैक्टर भूमि में पानी पुले जलकर राख



मनोहरपुर । कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खोरा लाड़खानी में कुंडाल मार्ग पर रेडा की ढाणी के पास बेरी के जंगलों में अचानक भीषण आग लग गई। जिससे करीब 10 हैक्टर भूमि में पानी पुले जलकर राख हो गए। आबिद खान रंगरेज के अनुसार रेडा की ढाणी के पास बेरी के जंगलों में अचानक आग लग गई आग ने थोड़ी देर में ही विकराल आप ले लिया । आग लगने की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना थाना पुलिस और दमकल को दी । जिसके बाद थाना पुलिस के एएसआई जयप्रकाश मौके पर पहुंचे और शाहपुरा से दो दमकल बुलवाई गई । लेकिन रास्ता नहीं होने से दमकल मौके पर नही जा सकी । आग लगने से करीब 10 हैक्टर भूमि में लगे पानी पुले और जीव जंतु जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने आग पर मिट्टी डालकर और गीले पेड़ से आग बुझाने का प्रयास किया। किंतु सूखे कूचे अधिक होने कि वजह से आग धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया। आखिर कार ग्रामीणों के दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है ।

## छात्रा से दुष्कर्म करने वाला आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे

दौसा जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि थानाधिकारी हनुमान सहा थाना बालाहेडी के नेतृत्व में टीम बनाकर कर पॉक्सो एक्ट में नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी मेघराम उर्फ भूरा मीना को गिरफ्तार किया गया है। 23 अप्रैल 2024 को बालाहेडी थाने पर एक परिवादी ने रिपोर्ट देकर बताया कि मामला फरवरी 2024 के आसपास का है। जब परिवादी की नाबालिग बेटी गांव के एक स्कूल में पढ़ने जा रही थी। उसी समय आरोपी भूरा अपनी मोटरसाइकिल लेकर आया और पीड़िता का रास्ता रोककर उसे अपने साथ चलने को कहने लगा। आरोपी की बात सुनकर पीड़िता ने जाने से मना कर दिया, जिसके बाद आरोपी द्वारा उसे दोबारा से बहला फुसलाकर अपने साथ एक कमरे में लेकर गया और वहां जाकर उसका बलात्कार किया। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर उसने ये किसी को बताया तो उसे और उसके परिवार को जान से मार देगा। हालांकि पीड़िता ने हिम्मत दिखाकर पूरा घटनाक्रम अपने परिजनों को बताया, जिसके बाद ये मामला थाने में दर्ज हुआ। इधर, मामला दर्ज होने के पश्चात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## शोकसभा में भतीजे ने चाचा पर मुक्कों से वारकर उतारा मौत के घाट

### <u>-आरोपी के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज</u>

झुंझुनू के मुकुंदगढ़ थाना इलाके के डूंडलोद गांव में अपने ही बुजुर्ग चाचा को उसके भतीजे ने मुक्कों से मार-मारकर मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में मृतक के बेटे ने हत्या का मामला दर्ज कराया है. पुलिस ने हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवलगढ़ क्षेत्र के मुकुंदगढ़ थानांतर्गत डूंडलोद गांव में मंगलवार को अपने भाई की शोक सभा में बैठे बुजुर्ग गोकुलचंद तोलासरिया (72) की उसके भतीजे रामगोपाल ने सिर व छाती पर वारकर बुरी तरह पिटाई कर दी। अस्पताल ले जाते समय गोकुलचंद की रास्ते में ही मौत हो गई। बाद में देर शाम तक अस्पताल में मृतक के परिजन व रिश्तेदारों के बीच बातचीत चलती रही। रात 9 बजे तक कोई सुलह नहीं हुई तो मुकुंदगढ़ पुलिस ने गोकुलचंद के शव को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजन को सौंप दिया गया।

**<u>मृतक के पुत्र ने करवाया हत्या का मुकदमा दर्ज</u>**

मृतक गोकुलचंद तोलासरिया के पुत्र संजय गोयल ने मुकुंदगढ़ थाने में बुधवार को मुकदमा दर्ज करवाया है। संजय की रिपोर्ट के अनुसार उसके ताऊजी विश्वनाथ का निधन 10 जून को हो गया था। उनकी शोक सभा डूंडलोद में पुरानी हवेली में चल रही थी। इस दौरान दोपहर 2 बजे सीकर से दूसरे ताऊजी किशोरीलाल का पुत्र रामगोपाल अपनी पत्नी कुसुम व मां सुलोचना के साथ आया। उसने आते ही गोकुलचंद के गाली गलौज करना शुरू कर दिया और गोकुलचंद के सिर व छाती पर लात घूंसों से वार कर दिया। इससे गोकुलचंद जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। घायल पिता को नवलगढ़ जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# तूफानी बारिश के बीच लोगों को मिली गर्मी से राहत

## -पारा पहुंचा 34 डिग्री पहुंचा; जगह-जगह गिरे पेड़



नागौर जिले में भीषण गर्मी के बीच हुई तूफानी बारिश से लोगों को राहत मिल गई है। इस दौरान किसानों को भारी मात्रा में नुकसान हुआ है। वहीं पूरे जिले में विद्त व्यवस्था पूरी तरीके से बिगड़ गई है। नागौर में हुई तूफानी बारिश से आमजन को राहत मिली है। हालांकि इस बीच लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ी। क्योंकि तूफान के साथ हुई बारिश से पेड़ के साथ-साथ बिजली के पोल भी गिर गए, जिससे विद्त व्यवस्था पूरी तररह चरमरा गई है। बता दें कि प्री मानसून की बारिश तूफान के साथ जिले में प्रवेश कर चुकी हैं। जिले में कहीं पर भयंकर आंधी तो कहीं बारिश हुई है। बारिश होने से इस भीषण गर्मी से आमजन को राहत मिली है। जिले के ही बडू गांव में इस तूफानी बारिश की वजह से निर्माणाधीन मकान भी गिर गया। वहीं जिले भर में 500 से अधिक विद्त के पोल टूटने की भी सूचना सामने आ रही है। विद्त पोल टूटने से पूरे जिले में विद्त व्यवस्था भी बिगड़ गई।

# ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने किया पर्दाफाश

## -200 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर हत्यारे तक पहुंची



बीकानेर । शहर के गंगानगर में ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस घटनाक्रम में पुलिस ने 200 सीसीटीवी फुटेज को खंगाला है। बता दें कि पकड़ा गये 18 वर्षीय आरोपी गीगासर निवासी प्रभूसिंह ने शातिराना अंदाज में हत्या कर फरार हो गया था। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। शहर के गंगाशहर क्षेत्र स्थित गणेश धोरे के पास मिले बुजुर्ग के शव के मामले में खुलासा हो गया है। इस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गये 18 वर्षीय आरोपी गीगासर निवासी प्रभूसिंह ने शातिराना अंदाज में हत्या कर फरार हो गया था। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम ने ब्लाइंड मर्डर की तह तक पहुंचने के लिये आईटी सेल का सहारा लिया और पुलिस टीमों ने बीकानेर से देशनोक नोखा के बीच करीब 200 सीसीटीवी कैमरों को चेक किया और संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाई। जिसके बाद आरोपी प्रभूसिंह पकड़ में आया। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के बाद गणेश धोरे के पास शव को फेंककर मृतक की स्कूटी से नोखा रोड होते हुए पलाना देशनोक चला गया। जिसके बाद आरोपी इधर-उधर कपड़े से मुंह बांध कर घूमता रहा। वहां से नोखा गया और फिर नोखा से देशनोक आया और छिपता रहा। पुलिस के अनुसार आरोपी ट्रक गाड़ियों में खलासी के रूप में जाने की योजना बना रहा था, लेकिन इससे पहले ही धरा गया।


# शादी नहीं होने से नाराज युवक ने मां को उतारा मौत के घाट

## -पुलिस ने आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार



दौसा। जिले में बीते दिनों अपनी शादी नहीं होने से नाराज युवक ने अपनी ही मां की हत्या की थी। अब पुलिस ने मां की हत्या के आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस हत्या के काम में लिए हथियार के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है। मामला दौसा जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के लांका गांव का है। जहां आरोपी विकास बैरवा पुत्र नेमीचंद बैरवा निवासी खिपोड़ल्या ढाणी लांका ने अपनी मां रेशमा देवी के सिर पर लोहे के पाइप से हमला कर हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। जिसकी सूचना परिजनों ने सिकंदरा थाने की लांका पुलिस चौकी पर दी। उधर सूचना मिलने पर सिकंदरा थाना प्रभारी महावीर सिंह मौके पर पहुंचे। वहीं मौके पर एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाये। इधर थाना सिकंदरा अधिकारी महावीर सिंह ने बताया कि आरोपी विकास बैरवा की शादी नहीं हुई थी। जिसके चलते विकास अपने परिजनों से खुद की शादी के लिए कहता रहता था। खुद की शादी नहीं होने का जिम्मेदार वो अपने परिजनों को मानता था। बस यही कारण था कि 10 जून को इस कलयुगी बेटे ने अपनी मां के सिर पर लोहे के पाइप से हमला किया।

# हाइवे पर हुए एक्सीडेंट में घायलों को युवक ने पहुंचाया अस्पताल



दौसा । आज समाज के हर युवा को शुभम झालानी से प्रेरणा लेनी चाहिए और दुर्घटना में घायल लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हुए उनकी जान बचाने का महान कार्य करना चाहिए, जिससे दुर्घटना में मरने वालों का अनुपात कम हो सकता है। जैसे-जैसे कलयुग बढ़ने लगा है, लोगों के पास समय नहीं होने के साथ एक दूसरे की मदद करने के भाव भी कम होने लगे हैं। लेकिन कुछ लोग आज भी दुनिया में ऐसे हैं, जो लोगों की मदद के लिए हर वक्त तैयार रहते हैं। समाजसेवी शुभम झालानी दौसा जिले के वह शख्स हैं, जिन्होंने 12 मई को एक्सप्रेस हाइवे पर हुए सड़क हादसे में लोगों की जान बचाने का काम किया था। वैसे तो समाजसेवी झालानी हमेशा सड़क दुघर्टना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने और पुलिस के सहयोग करने के लिए तत्पर रहते हैं। राजस्थान पुलिस के आईजी अनिल टांक ने शुभम झालानी को राजधानी जयपुर में राजस्थान पुलिस का एक मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दौसा के बांदीकुई थाने इलाके में 12 मई 2024 को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया था। इसमें तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और कई लोग घायल हुए थे। एंबुलेंस न आने पर घायलों को अपनी निजी कार से अस्पताल पहुंचाने का कार्य किया था। वहीं, पिछले दिनों दौसा के बांदीकुई थाना इलाके में आभानेरी के नजदीक दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई थी और अन्य छह लोग जख्मी हो गए थे। सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे और अपने परिजन का क्रिया-कर्म करने हरिद्वार जा रहे थे।

# पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्र कैद

## -सहयोगी देवर को सात साल की सजा



दौसा में कोर्ट ने पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं, हत्या में सहयोग करने वाले देवर को सात साल की सजा से दंडित किया है। दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी थाना इलाके में सात साल पहले एक महिला की हत्या के मामले में अपर सेशन न्यायाधीश सिकराय प्रदीप कुमार ने आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही मृतका महिला के देवर को मामले में सात साल कठोर कारावास सुनाया है। उधर, मृतका के पक्ष की तरफ से 29 गवाह और 15 दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे, जिनको कोर्ट ने आधार मानकर आरोपियों को सजा सुनाई है। मामला दौसा के मेहंदीपुर बालाजी थाना इलाके में सात साल पहले यानी 30 मई 2017 का है। जहां सुनसान जगह पर एक महिला का शव मिलने पर उसकी शिनाख्त सुशीला डागर के रूप में हुई थी। मृतका के भाई भास्कर डागर ने अपनी बहन सुशीला डागर 29 मई 2017 से लापता बताया था। मृतका के भाई ने अपनी बहन की हत्या का शक अपने बहनोई त्रिभुवन डागर पर जताया। साथ ही त्रिभुवन डागर और उसके अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ बालाजी थाने में दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। इस पर बालाजी थाना पुलिस ने जांच शुरू की और मृतका महिला का पति त्रिभुवन जांच के दौरान हत्या का आरोपी माना गया। महिला की हत्या में आरोपी के भाई वीरेंद्र ने साथ दिया था, जिसके चलते तत्कालीन मानपुर पुलिस उपाधीक्षक पूनमचंद विश्नोई ने महिला की हत्या के आरोपी पति त्रिभुवन डागर और आरोपी के भाई वीरेंद्र डागर को गिरफ्तार कर मामले में कोर्ट में चालान पेश किया था। अपर लोक अभियोजक ताराचंद गुर्जर ने बताया कि मामले में एडवोकेट पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति त्रिभुवन डागर पुत्र रामसागर को कोर्ट ने दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रुपये के अर्थदंड भी दिया है। इधर, मृतका सुशीला के देवर को हत्या में आरोपी का सहयोग करने के मामले कोर्ट ने दोषी माना। देवर वीरेंद्र डागर को सात साल के कठोर कारावास और तीन हजार रुपये के जुर्माने से दंड सुनाया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत, जेब में मिले 10 अरब और 50 लाख के चेक




भरतपुर । एक अज्ञात वाहन ने बुलेट को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। भरतपुर के सेवर थाना इलाके में एक अज्ञात वाहन ने एक बुलेट को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने युवकों की जेब की तलाशी ली तो, उनके पास दो चेक मिले। एक चेक में 10 अरब रकम भरी हुई थी और दूसरे चेक में 50 लाख की रकम भरी हुई थी। पुलिस ने दोनों मृतकों की शिनाख्त कर उनके परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। पुलिस ने बताया कि घटना नगला बरताई गांव के पास हुई। स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि दो बाइक सवार युवकों को कोई अज्ञात वाहन टक्कर मार गया है। दोनों युवक घायल हालत में सड़क पर पड़े हुए हैं, जिसके बाद पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से दोनों घायलों को आरबीएम अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जब दोनों युवकों की तलाशी ली तो उनके पास आधार कार्ड मिले, जिससे उनकी शिनाख्त हो गई। पहले मृतक का नाम अक्षय शर्मा (27) निवासी झुंझुनूं था, जिसके शव की तलाशी के दौरान उसकी जेब से दो कोडक बैंक के चेक जिसमें से एक चेक में 10 अरब की रकम भरी थी। दूसरे में 50 लाख की रकम भरी थी। दूसरे शव की शिनाख्त इंजमाम उल हक सिद्दीकी (26) निवासी बहादुर सेमरा चंदौली उत्तर प्रदेश के रूप में हुई और यह दोनों व्यक्ति भरतपुर में बड़ी कंपनी के लिए मार्केटिंग का काम करते थे। पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त के बाद उनके परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। परिजनों के आने के बाद ही शवों के पोस्टमॉर्टम किए जाएंगे।

# राजस्थान विधानसभा का दूसरा सत्र 3 जुलाई से

## -इस दिन पेश होगा वित्त वर्ष 2024-25 का बजट



भजनलाल सरकार का 16वीं विधानसभा का दूसरा सत्र 3 जुलाई को शुरू हो रहा है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इसकी मंजूरी दी है। भजनलाल सरकार का 16वीं विधानसभा का दूसरा सत्र 3 जुलाई को शुरू हो रहा है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इसकी मंजूरी दी है। सत्र में 10 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जाएगा। बजट सत्र करीब एक माह चल सकता है। इस बजट में सभी 200 विधायक मौजूद नहीं रहेंगे। पांच विधायकों के सांसद बन जाने से इस सत्र में 195 विधायक ही मौजूद रहेंगे। विधानसभा सचिवालय को पेपरलैस करने के लिए नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) प्रोजेक्ट की प्रक्रिया शुरू हो गई है मंगलवार को विस अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में बैठक हुई।

**विधानसभा का अगला सत्र होगा पेपरलेस**

देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा की अनुशंसा पर सदन में विधायकों की मेजों पर कम्प्यूटर उपकरण स्थापित करने और विधानसभा को पेपरलेस बनाने के लिए प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। सदन में प्रत्येक सीट पर एक आई- पैड लगाया जाएगा और एक लैपटॉप मय प्रिन्टर विधायक को उनके आवास के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। नेवा (नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन) से अब विधानसभा का सदन और सचिवालय डिजिटल हो जाएगा। इससे विधानसभा व सचिवालय की कार्यवाही पेपरलेस हो जाएगी। संभवतः आगामी बजट सत्र के बाद जो सत्र आएगा, उसमें सदन पेपरलैस हो जाएगा।

# कुल्हाड़ी से वार कर पति ने की पत्नी की हत्या


## -बीच-बचाव के प्रयास में बेटी घायल




बाड़मेर । हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि बीच-बचाव के प्रयास में पुत्री घायल हो गई। इस हृदयविदारक घटना से क्षेत्रवासी दहशत में हैं। बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना थानांतर्गत आमलसरिया गांव में एक युवक ने बुधवार अल सुबह आपसी कहासुनी के बाद कुल्हाड़ी से अपनी पत्नी पर हमला कर दिया। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि बीच-बचाव के प्रयास में पुत्री घायल हो गई। इस हृदय विदारक घटना से क्षेत्रवासी दहशत में हैं। पुलिस के अनुसार, आपसी कहासुनी के बाद आलमसरिया गांव के चूनाराम नामक युवक ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी जीयो देवी पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। इस दौरान उसकी पुत्री सुमित्रा ने बीच-बचाव की कोशिश की। इस दौरान पत्नी जीयो देवी (उम्र 40) की मौके पर ही मौत हो गई एवं पुत्री सुमित्रा घायल हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर धोरीमन्ना थाना पुलिस पहुंची और घायल पुत्री को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने पुत्री सुमित्रा बयान के आधार पर चूनाराम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना बुधवार तड़के की बताई जा रही है। मृतका कुछ वर्ष पूर्व पेड़ से गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी और ज्यादातर घर पर ही रहती थी। प्रारंभिक पूछताछ में ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि आरोपी अपनी पत्नी को मोबाइल का प्रयोग करने से टोकता था और इस घटना के पीछे भी इसी बात को लेकर दोनों में विवाद होना बताया जा रहा है। हालांकि, फिलहाल हत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। घटना के बाद मृतका के पीहर पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दी है।

# राजस्थान में इस दिन से मानसून की धमाकेदार एंट्री

## - इन जगहों पर होगी झमाझम बारिश



चित्तौड़गढ़ । राजस्थान में मानसून महज कुछ ही दिनों में प्रवेश करने वाला है। ऐसे में लोगों के मन में इस बात को लेकर जिज्ञासा है कि किस तारीख से मानसून का आगमन होना है। चित्तौड़गढ़. जिले के आसमान पर प्री मानसून के बादल छाए रहने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बुधवार को दिनभर बदरा छाए रहे। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई। बुधवार को तापमान भी गिर कर 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिनभर बादल छाने और हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। अब लोगों को अच्छी बारिश का इंतजार है। बुधवार को अधिकतम तापमान 38 व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार इस साल अरबसागरीय शाखा का मानसून से पूर्व की बरसात समय पर मेवाड़-वागड़ में सोमवार से सक्रिय हो गया है। प्री-मानसून का सही समय पर शुरू होना अच्छे मानसून के आने का संकेत है।

**इस दिन से होगी मानसून की धमाकेदार एंट्री**

प्री-मानसून की बरसात का प्रभाव दक्षिणी, दक्षिण पूर्वी और पूर्वी राजस्थान पर व्यापक रूप से होगा। इससे मेवाड़, वागड़, हाड़ौती और ढूंढ़ाड़ में कहीं-कहीं हल्की बरसात तथा कहीं तेज बरसात हो सकती है। कहीं गर्जना के साथ खण्डवर्षा दो-तीन दिनों में होगी। इसके साथ ही अगले दो-तीन दिनों तक बादल छाए रहेंगे। यदि अरब सागरीय शाखा का मानसून उत्तर और बंगाल की खाड़ी शाखा उत्तर पश्चिम में बढ़ते हैं तो 20 जून के आस-पास मानसून दक्षिणी राजस्थान से प्रवेश कर जाएगा।

# सरकारी स्कूलों में बच्चों को शिक्षक बताएंगे ऑनलाइन गेम्स के दुष्परिणाम



हनुमानगढ़ । लालच के चक्कर में लोग इन ऑनलाइन मोबाइल एप को मोबाइल मे इंस्टॉल कर उपयोग में लेते हैं तथा दांव पर लगाई गई राशि गंवा बैठते हैं। आजकल बच्चे पढ़ाई के बहाने मोबाइल पर तरह-तरह की रील बनाते हैं और ऑनलाइन खेल खेलते हैं, जिससे कई बार अभिभावकों के बैंक खाते से बड़ी राशि गायब हो जाती है तो कई बार ऑनलाइन खेलों के परिणाम घातक सिद्ध होते हैं। अब सरकारी स्कूलों के शिक्षक विद्यार्थियों को विद्यालय में ऑनलाइन खेलों के दुष्परिणाम के बारे में बताएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार बठला ने बताया कि खेलों में चैलेंज देकर कुण्ठा, स्व:घात तथा निराशा जैसी मानसिक कमजोरियां उत्पन्न करने वाले ऑनलाइन गेम के प्रति जागरूकता तथा विद्यालयों में इसके प्रति सतर्कता बरतने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।

**क्या हैं ऑनलाइन गेम्स?**

ऑनलाइन खेल उपयोगकर्ता को लुभावने झांसे देकर रातों-रात करोड़पति बनने के सपने दिखाते हैं। लालच के चक्कर में लोग इन ऑनलाइन मोबाइल एप को मोबाइल मे इंस्टॉल कर उपयोग में लेते हैं तथा दांव पर लगाई गई राशि गंवा बैठते हैं। पैसे कमाने के लालच के कारण बच्चे ऐसे ऑनलाइन गेम्स की जद में जल्दी आ जाते हैं। गेम्स खेलने के लिए पैसे उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में बच्चा गलत दिशा की ओर बढ़ जाता हैं। वह धीरे-धीरे एकाकी प्रवृत्ति में चला जाता है।

**बच्चों के व्यवहार पर नजर रखें अध्यापक**

विद्याथी अधिकांश समय विद्यालय में व्यतीत करते हैं। अत: विद्यालय की गतिविधियां उन्हें ज्यादा प्रभावित करती हैं। संस्था प्रधान कक्षाध्यापक के माध्यम से इस निर्देश की पालना सुनिश्चित कराएं कि विद्यार्थी मोबाइल का उपयोग केवल अध्ययन कार्य में ही करें। कक्षाध्यापक किसी बालक-बालिका में हुए आकस्मिक व्यवहारगत परिवर्तन पर नजर रखें, ऐसा एहसास होने पर उनके माता-पिता से सम्पर्क करें। विद्यालय में खेलकूद का नियमित आयोजन हो। यदि संस्था प्रधान अथवा शिक्षक को किसी विद्यार्थी के इन ऑनलाइन गेम में संलिप्त होने की जानकारी मिलती है तो उस पर नजर रखें। अभिभावक यह ध्यान रखें कि बच्चों के फोन और गैजेट्स में चाइल्ड़ लॉक लगाएं अथवा ऐसा सॉफ्टवेयर उपयोग में लें जिससे बच्चे प्रतिबंधित कार्यक्रम, साइट्स का प्रयोग नहीं कर सके। सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ऑनलाइन गेमों के के संबध में विद्यार्थियों के लिए जारी गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करवाते हुए की गई कार्रवाई को अवगत करवाने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूलों में खेलों को बढ़ाया जाएगा। साइबर क्राइम तथा ऑनलाइन गेम के बारे में जानकारी के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें।

## विश्व कप अंक तालिका ग्रुप- ए

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.137 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 |

## जयपुर जिला तैराकी में भारतीय विद्या भवन के तैराकों का दबदबा



**खेप्र/नवज्योति, जयपुर।** सवाई मानसिंह स्टेडियम के अंतरराष्ट्रीय तरणताल पर आयोजित जयपुर जिला सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तैराकी प्रतियोगिता में भारतीय विद्या भवन के तैराकों का दबदबा रहा। भारतीय विद्या भवन के तैराकों ने तीन दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 108 पदक अपने नाम किए। विद्यालय के तैराकों ने 61 स्वर्ण, 40 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तीनों वर्गों में ओवरऑल चैंपियनशिप पर भी कब्जा किया।

## शूटिंगबाल के कोचिंग कोर्स में शामिल हुए राजस्थान के नौ कोच



**खेप्र/नवज्योति, जयपुर।** शूटिंगबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा में गाजियाबाद में राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंगबॉल कोचिंग कोर्स आयोजित किया गया, जिसमे विभिन्न राज्यों से 48 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसमें 15 महिला और 33 पुरुष कोच शामिल हुए। राजस्थान के नौ पुरुष और महिला प्रशिक्षकों ने भी इस कोर्स में हिस्सा लिया। राजस्थान शूटिंगबाल एसोसिएशन के सचिव डा. ओपी माचरा ने बताया कि कोचिंग कोर्स में राजस्थान से ज्योति राव, सुवा चौधरी, आरुष गोयल, अब्दुल वाहिद, लोकेंद्र राठौर, देवीलाल बिश्नोई, मुंसी खान, विनोद सेन, मनीष शामिल हुए। उन्होंने बताया कि 15 दिवसीय ऑनलाइन और ऑफलाइन कोचिंग कैम्प के बाद शूटिंगबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल, महासचिव रविन्द्र सिंह तोमर ने प्रशिक्षकों को सर्टिफिकेट प्रदान किए।

## मरुधर क्लब को हरा पीएस एकेडमी प्री क्वार्टरफाइनल में


**खेप्र/नवज्योति,जयपुर।** पीएस क्लब ने मरुधर क्लब को 58 रन से पराजित कर 26 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।



पीएस एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दीपक चौधरी (49) व भूपेन्द्र शर्मा (36) की पारियों की मदद से 20 ओवर में 9 विकेट पर 178 रन बनाए। मरुधर के लिए हर्ष शर्मा (29 पर 4) सफलतम गेंदबाज रहा। जवाब में मरुधर क्लब आदित्य टाक (20 पर 3), रघु शर्मा (9 पर 2) व भूपेन्द्र शर्मा (3 पर 2) की घातक गेंदबाजी के समक्ष 17.4 ओवर में 120 रन पर सिमट गई। शुभ श्रीवास्तव ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। दीपक चौधरी मैन ऑफ द मैच रहा।

## केएल सैनी एकेडमी पर जीआर एकेडमी की जीत में रोहन चमका

**खेप्र/नवज्योति,जयपुर।** रोहन चौधरी (19 पर 5) की घातक गेंदबाजी की बदौलत जीआर एकेडमी ने बुधवार



को यहां केएल सैनी स्टेडियम पर खेली जा रही प्रथम समर कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में केएल सैनी एकेडमी को 7 विकेट से पराजित किया। केएल सैनी एकेडमी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहन चौधरी की घातक गेंदबाजी के समक्ष मात्र 77 रनों पर ढेर हो गई। रोहन ने 5 व अनिकेत ने दो विकेट लिए। जवाब में जीआर एकेडमी ने मोहित के 39 रन की मदद से 14.1 ओवर में ही 3 विकेट पर 80 रन बना जीत दर्ज की।

## पूर्व भारतीय फुटबाल खिलाड़ी और कोच टीके चथुन्नी का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय फुटबाल खिलाड़ी और कोच टी के चथुन्नी का बुधवार सुबह केरल के निजी अस्पताल में



निधन हो गया। दिग्गज फुटबाल ने 79 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। वह कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। डिफेंडर के तौर पर प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी में केरल और गोवा के लिए खेलने वाले चथुन्नी भारतीय फुटबाल के बेहतरीन कोचों में से एक थे। अपने खेल करियर के बाद चथुन्नी ने कोचिंग की ओर रुख किया। 40 से अधिक वर्षों तक खेल पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। उन्होंने मोहन बागान, डेम्पो गोवा और एफसी कोचीन सहित कई प्रसिद्ध टीमों को कोचिंग दी।

## ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हेजलवुड ने विश्व कप प्रारूप पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने वेस्ट इंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में खेले जा रहे मौजूदा टी-20 विश्व कप के प्रारूप की आलोचना करते हुए सवाल उठाए हैं। हेजलवुड ने कहा है कि यह अजीबोगरीब है कि उनकी टीम का बेहतर रन रेट सुपर आठ चरण में कोई मायने नहीं रखेगा। टी-20 विश्व कप में इस बार 20 टीमें भाग ले रही हैं जिन्हें पांच-पांच टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सुपर आठ में जगह बनाएंगी।

### टी-20 वर्ल्ड कप: न्यूजीलैंड का मुकाबला आज वेस्टइंडीज से

# लॉकी फर्ग्यूसन और हुसैन पर होंगी निगाहें

**त्रिनिडाड।** टी-20 वर्ल्ड कप में गुरुवार को पहला मुकाबला मेजबान वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच होगा। यह मैच त्रिनिडाड के टरूबा में भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे खेला जाएगा। टी-20 वर्ल्ड कप के सह मेजबान वेस्टइंडीज ने इस विश्व कप के अपने दोनों मुकाबले जीते हैं, वहीं न्यूजीलैंड को अपने एकमात्र मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। विश्व कप में सुपर-8 की दौड़ में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है, क्योंकि इस ग्रुप में वेस्ट इंडीज के साथ ही अफगानिस्तान की टीम भी अब तक अजेय रही है।

### रिकॉर्ड में न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी

दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 19 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले हुए हैं, जिसमें 10 में न्यूजीलैंड को जीत मिली है, जबकि चार में वेस्टइंडीज ने बाजी मारी है। बाकी मुकाबले टाई या रद्द हुए हैं। विश्व कप में दोनों टीमें बस एक ही बार भिड़ी हैं, जब टाई मुकाबले को वेस्टइंडीज ने सुपर ओवर में जीता था। 2020 से हुए पिछले पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भी न्यूजीलैंड 3-1 से आगे है।

### लॉकी न्यूजीलैंड के प्रमुख खिलाड़ी



इस विश्व कप में न्यूजीलैंड ने अपने टेस्ट कप्तान टिम साउदी की जगह लॉकी फर्ग्यूसन पर भरोसा जताया है, जिस पर वह अभी तक खरे उतरे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान उन्होंने चार ओवर के स्पेल के दौरान सिर्फ 28 रन दिए और एक विकेट झटका। इस दौरान उन्होंने 147.40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की और इस विश्व कप के छठे सबसे तेज गेंदबाज बने। डेथ ओवर्स में गेंदबाजी के दौरान फर्ग्यूसन अपनी गति को बहुत ही चतुराईपूर्वक बदलते रहते हैं।

### अकील की करिश्माई गेंदबाजी



बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने युगांडा के खिलाफ करिश्माई गेंदबाजी करते हुए 11 रन देकर पांच विकेट लिए, जो टी-20 विश्व कप में छठी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। वह नई गेंद से गेंदबाजी करते हैं और विकेट चटकाने के लिए जाने जाते हैं।

## बांग्लादेश का मुकाबला आज नीदरलैंड से होगा

**किंग्सटाउन।** टी-20 वर्ल्ड कप में गुरुवार को 27वां मैच ग्रुप डी में बांग्लादेश और नीदरलैंड के बीच किंग्सटाउन में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा। यह मैच दोनों टीमों के लिए अहम है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका पहले ही इस ग्रुप से अगले दौर में प्रवेश कर चुकी है और ऐसे में ग्रुप से सुपर-8 के लिए सिर्फ एक ही रिक्त स्थान बचा हुआ है। इस मैच पर श्रीलंका की टीम भी नजर बनाए रखेगी। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में बांग्लादेश का पलड़ा नीदरलैंड पर भारी है। इन दोनों के बीच अब तक चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में तीन बांग्लादेश ने जीते हैं।

### अर्शदीप की घातक गेंदबाजी के बाद सूर्यकुमार ने बनाया नाबाद अर्द्धशतक

# मेजबान अमेरिका को हरा भारत सुपर-8 में

**न्यूयॉर्क।** अर्शदीप सिंह (9 पर 4) की घातक गेंदबाजी के बाद सूर्यकुमार यादव (अविजित 50) और शिवम दुबे (अविजित 31) के मध्य चौथे विकेट के लिए बनाई गई 67 रन की अविभाजित साझेदारी की बदौलत भारत ने मेजबान अमेरिका को 7 विकेट से टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। भारत ने ग्रुप ए में लगातार तीसरी जीत दर्ज कर 6 अंकों के साथ सुपर एट के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीत पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन बनाए। जवाब में भारत ने 18.2 ओवर में 3 विकेट पर 111 रन बना अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इससे पहले भारत ने अपने पहले मुकाबले में आयरलैंड को 8 विकेट से व हाईवोल्टेज मैच में पाकिस्तान को 6 रन से पराजित किया था।

### ओपनर्स 15 रन पर लौटे

दोनों टीमों के बीच खेले जा रहे पहले इंटरनेशनल मैच में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत की ओपनर जोड़ी 15 रनों पर ही पवेलियन लौट गई। सौरभ नेत्रवलकर ने विराट कोहली (0) और रोहित शर्मा (3) को आउट किया। रिषभ भी 18 रन बना अली खान के शिकार बने। सूर्यकुमार और शिवम दुबे शुरुआत में काफी परेशानी में दिख रहे थे लेकिन उन्होंने एक-एक रन लेकर स्ट्राइक को रोटेट करते हुए स्कोर बोर्ड को गतिमान रखा। इसके बाद इन दोनों ने बिना किसी अतिरिक्त नुकसान के 19 वें ओवर की दूसरी ही गेंद पर 3 विकेट पर 111 रन बना भारत को जीत के साथ सुपर 8 में पहुचा दिया।



### अमेरिका ने बनाए 8 पर 110 रन

इससे पूर्व अमेरिका की पारी की शुरुआत भी खराब रही। अर्शदीप सिं ने पहली और अंतिम गेंद पर क्रमशः जहांगीर (0)और गौस (2) को पवेलियन भेज अपने कप्तान के पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही साबित कर दिया। इसके बाद नीतीश कुमार ने सबसे ज्यादा 27 रन व स्टीवन टेलर ने 24 रन का योगदान देकर अमेरिका के स्कोर को 110 तक पहुंचाया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने 4 विकेट झटके। हार्दिक पंड्या को 2 सफलताएं मिलीं। अक्षर को एक विकेट मिला। एक बल्लेबाज रनआउट हुआ।

**प्लेयर ऑफ द मैच : अर्शदीप सिंह**

| ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| 4 | 0 | 9 | 4 |

### पेनल्टी के 5 रन मिले

भारत को पेनल्टी के 5 रन दिए गए। जसदीप सिंह देरी से ओवर करने आए। नियम के अनुसार, एक ओवर डालने के बाद दूसरे गेंदबाज को 60 सेकंड के अंदर दूसरा ओवर शुरू करना होता है।

### स्कोर-बोर्ड

| यूएसए पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जहांगीर पगबाधा बो. अर्शदीप | 0 | 1 | 0 | 0 |
| टेलर बो. पटेल | 24 | 30 | 0 | 2 |
| गौस को. पांड्या बो. अर्शदीप | 2 | 5 | 0 | 0 |
| जोन्स को. सिराज बो. पांड्या | 11 | 22 | 0 | 1 |
| नितिश को. सिराज बो. अर्शदीप | 27 | 23 | 2 | 1 |
| एंडरसन को. पंत बो. पांड्या | 15 | 12 | 1 | 1 |
| हरमीत को. पंत बो. अर्शदीप | 10 | 10 | 0 | 1 |
| शाडली अविजित | 11 | 10 | 1 | 0 |
| जसदीप रनआउट | 2 | 7 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : | 8 | | | |

**कुल :** 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन।

**विकेट पतन :** 1-0 (जहांगीर), 2-3 (गौस), 3-25 (जोन्स), 4-56 (टेलर), 5-81 (नीतिश), 6-96 (एंडरसन). 7-98 (हरमीत), 8-110 (जसदीप).

**गेंदबाजी :** अर्शदीप सिंह 4-0-9-4, मोहम्मद सिराज 4-0-25-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-25-0, हार्दिक पांड्या 4-1-14-2, शिवम दुबे 1-0-11-0, अक्षर पटेल 3-0-25-1.

| भारत पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित को. हरमीत बो. नेत्रवलकर | 3 | 6 | 0 | 0 |
| विराट को. गौस बो. नेत्रवलकर | 0 | 1 | 0 | 0 |
| रिषभ पंत बो. अली खान | 18 | 20 | 1 | 1 |
| सूर्यकुमार अविजित | 50 | 49 | 2 | 2 |
| शिवम अविजित | 31 | 35 | 1 | 1 |
| अतिरिक्त : (5 रन पेनल्टी) | 9 | | | |

**कुल :** 18.2 ओवर में 3 विकेट पर 111 रन।

**विकेट पतन :** 1-6 (विराट कोहली), 2-15 (रोहित शर्मा), 3-44 (रिषभ पंत).

**गेंदबाजी :** सौरभ नेत्रवलकर 4-0-18-2, अली खान 3.2-0-21-1, जसदीप सिंह 4-0-24-0, शेडले 4-0-25-0, एंडरसन 3-0-17-0, वरुण 4-0-36-0.

**प्लेयर ऑफ द मैच :** अर्शदीप सिंह (भारत).

### नामीबिया को 34 गेंदों में 9 विकेट से हराया

# ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में



एडम जम्पा

**नॉर्थ साउंड।** एडम जम्पा (12 रन पर चार विकेट) के कहर के बाद डेविड वार्नर (20) और ट्रेविस हेड (34) की तूफानी पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप के 24वें मुकाबले में महज 34 गेंदों में लक्ष्य हासिल करते हुए नामीबिया को रिकार्ड नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सुपर आठ में प्रवेश कर लिया है। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसे सही साबित करते हुए उसके गेंदबाजों ने नामीबिया की पूरी टीम को 17 ओवर में महज 72 रनों पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 5.4 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

### 5.4 ओवर में जीती आस्ट्रेलिया

73रनों के छोटे लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की डेविड वॉर्नर और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत की। इसी दौरान दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर डेविड वीजा ने वॉर्नर को रुबेन ट्रंपलमैन के हाथों कैच आउट करा दिया। वॉर्नर ने आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 20 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 17 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रनों की पारी खेली। कप्तान मिचेल मार्श नौ गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद रहे।

### सुपर आठ में पहुंचने वाली दूसरी टीम

इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया की टीम दक्षिण अफ्रीका के बाद सुपर-8 राउंड में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई। नामीबिया की ओर से एकमात्र विकेट डेविड वीजा को मिला।

### 8 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए

नामीबिया की ओर से कप्तान एराई इरास्मस ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। माइकल वैन लिंगेन 10 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के कहर के आगे नामीबिया के शेष आठ बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा ने चार विकेट लिए। जॉश हेजलवुड और मार्कस स्टॉयनिस को दो-दो विकेट मिले। पैट कमिंस और नाथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## जेडीसीए की साधारण सभा की बैठक पर रोक की मांग

**जयपुर।** जयपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की भंग कार्यकारिणी के सचिव डा. बीआर सोनी और कोषाध्यक्ष समीर शर्मा ने एडहॉक कमेटी की ओर से 21 जून को बुलाई साधारण सभा की बैठक पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने एडहॉक कमेटी के पुनर्गठन पर भी सवाल उठाते हुए उसमें बदलाव की मांग की। डा. सोनी और समीर शर्मा ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले दिनों एडहॉक कमेटी का पुनर्गठन किया गया लेकिन इसमें सुरेश कुमार शर्मा और मोहम्मद रफीक के रूप में दो ऐसे सदस्य शामिल किए गए, जो जिला संघ के सदस्य ही नहीं हैं। इसके अलावा राजस्थान खेल परिषद के रीजनल कोचिंग सेंटर के महेश सैनी का नाम एडहॉक कमेटी में शामिल किया गया है, जबकि महेश सैनी करीब तीन-चार साल पहले ही रिटायर हो



चुके हैं। सोनी ने कहा कि जब एडहॉक कमेटी का पुनर्गठन ही सही नहीं है, तो उसके द्वारा बुलाई साधारण सभा की बैठक को वैध नहीं माना जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि ये बैठक कुछ चहेते क्लबों को मान्यता प्रदान करने का अनैतिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि जिला संघ से 114 क्लबों को मान्यता है एडहॉक कमेटी द्वारा बुलाई साधारण सभा की बैठक में 140 क्लबों को आमंत्रित किया गया है, जो समझ से परे है। उन्होंने कहा कि हमने इसकी शिकायत प्रदेश के खेलमंत्री, मुख्य सचिव, खेल सचिव और रजिस्ट्रार सहकारिता को भी की है।


## श्रीलंका-नेपाल मैच बारिश के कारण रद्द

**लॉडरहिल।** श्रीलंका और नेपाल के बीच होने वाला टी-20 विश्वकप का 23वां मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हो सका। अम्पायरों ने भारी बारिश को देखते हुए मैच रद्द करने का निर्णय लेते हुए दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक बांट दिये। रद्द हुये मैच के कारण श्रीलंका पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। श्रीलंका ग्रुप डी में तीन मैचों में दो हार एक रद्द के साथ अंक तालिका में एक अंक साथ सबसे निचले पायदान पर है। बारिश के कारण मैच रद्द होने से श्रीलंका सुपर-8 में प्रवेश मुश्किल हो गया। उसे अगले दौर में प्रवेश के लिए दूसरे देशों की टीम के मुकाबलों पर निर्भर रहना होगा।

## एचएस प्रणय दूसरे दौर में पहुंचे

**सिडनी।** भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय ने बुधवार को पुरुष एकल मुकाबले में ब्राजील के यगोर कोएलो को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता में अपने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी ब्राजील के यगोर कोएलो को 47 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेट में 21-10, 23-21 से हराया।

इस जीत के साथ भारत के शीर्ष शटलर प्रणय राउंड ऑफ 16 में दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी इजरायल के मिशा जिल्बरमैन से भिडेंगे। जिल्बरमैन ने इससे पहले भारत के अभिषेक येलिगर को 21-



9, 21-15 से हराया था। इस बीच किरण जॉर्ज ने शुरुआती दौर में कनाडा की शियाओडोंग शेंग को 21-17, 21-10 से हराया और अगले मैच में उनका मुकाबला जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से होगा। मिथुन मंजूनाथ को इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 21-17, 21-17 से हार का स्वाद चखना पड़ा है। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने पहले दौर में यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को सीधे सेटों में 21-14, 21-11 से हराया। आकर्षि का दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू तेओह से मुकाबला होगा।

# क्वालिफायर में विवादित गोल से कतर से हारी टीम इंडिया

### मैच कमिश्नर से की शिकायत, जांच की मांग

**नई दिल्ली।** दोहा में विश्व कप क्वालिफाइंग के महत्वपूर्ण मुकाबले में भारतीय टीम को एक विवादित गोल के चलते कतर के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफए) ने मैच कमिश्नर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है और इसकी जांच की मांग की है। जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में भारत के लिए करो या मरो के मुकाबले में फुटबॉल के आउट ऑफ ले होने के बावजूद कतर के खिलाड़ियों ने उसे गोल पोस्ट में पहुंचाया। यानी गेंद गोल पोस्ट के बगल में निर्धारित लाइन से बाहर जा चुकी थी। हालांकि इससे खेल रोकने की बजाय कतर के खिलाड़ियों ने पहले तो इसे किक से मैदान के अंदर भेजा और फिर दूसरे खिलाड़ी ने गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। भारतीय टीम के विरोध के बावजूद रेफरी किम वू सुंग ने गोल को मान्य करार दिया। इस गोल ने 2026 के फीफा विश्व कप के लिए भारत को पहली बार क्वालिफायर के तीसरे दौर में पहुंचने से वंचित कर दिया।

### ईरान के हामेद थे मैच कमिश्नर

एआईएफएफ के एक अधिकारी ने बताया कि हमने मैच कमिश्नर को शिकायत की है और पूरे मामले की गहन जांच की मांग की है। ईरान के हामेद मोमेनी इस मुकाबले के मैच कमिश्नर थे। मैच कमिश्नर की भूमिका मैच की निगरानी करना और यह सुनिश्चित करना होती है कि मुकाबले के दौरान फीफा के नियमों का पालन किया जाए।





### ये था मामला

मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद मैदान से बाहर चली गई। कतर के हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया। नियमों के मुताबिक गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था और कतर को कॉर्नर किक मिलनी चाहिए थी क्योंकि गुरप्रीत गेंद के बाहर जाने से पहले उससे संपर्क करने वाले आखिरी खिलाड़ी थे।

# 24 घंटे एसी में रहना त्वचा के लिए है काफी नुकसानदायक

## -निखार बरकरार रखने के लिए करें ये काम



इस बार मई-जून के महीने में गर्मी के सभी रिकॉर्ड्स टूट गए। कई जगहों पर पारा 50 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। आलम कुछ ऐसा हो गया कि लोग बिना एसी और कूलर के एक मिनट भी नहीं रह पा रहे हैं। बहुत से घरों में तो इस भीषण गर्मी में पहली बार एसी लगा है। आज के समय में लोगों को कूलर की बजाय एसी ज्यादा सही लगता है। ये कूलर से ज्यादा ठंडक करता है, जिससे गर्मी का बिल्कुल एहसास नहीं होता। घर से लेकर ऑफिस तक में लोग एसी में ही बैठना पसंद करते हैं। भले ही एसी हमे गर्मी से राहत दिलाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि हमेशा एसी में बैठे रहने की वजह से आपकी त्वचा डैमेज हो सकती है। जी हां, भले ही ये सुनने में अजीब लगे लेकिन ये सच है। एसी की वजह से स्किन की नमी खो जाती है, जिससे कई तरह की समस्या सामने आती है। ऐसे में इस लेख में हम आपको ऐसे स्किन केयर टिप्स के बारे में बताएंगे, जिनकी मदद से आप अपनी त्वचा का बचाव कर सकते हैं। चाहे आपकी त्वचा ऑयली हो या फिर ड्राई, हर किसी को गर्मी में भी मॉइश्चराइजर इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। एसी में बैठने के दौरान अपने साथ हैंड क्रीम जरूर रखे और इसका इस्तेमाल समय-समय पर करते रहें। जितनी बार हाथ धोएं, उसके बाद तुरंत ही हैंड क्रीम का इस्तेमाल करें।

बिना केमिकल वाले प्रोडक्ट करें इस्तेमाल

अगर आप 24 घंटे एसी में रहते हैं तो माइल्ड प्रोडक्ट इस्तेमाल करें। ये वो प्रोडक्ट होते हैं, जिनमें ज्यादा केमिकल इस्तेमाल नहीं होता। कोशिश करें ऐसे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें, जिनमें खुशबू न हो। ये त्वचा का ध्यान ज्यादा अच्छे से रखते हैं।

**सनस्क्रीन का उपयोग करें**

भले ही आप ज्यादातर समय घर के अंदर रहते हों, लेकिन सनस्क्रीन का उपयोग करें क्योंकि UV किरणें खिड़कियों से भी अंदर आ सकती हैं और आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

**नाइट केयर है जरूरी**

रात में सोने से पहले त्वचा को अच्छे से साफ करें और नाइट क्रीम या सीरम लगाएं। इसकी मदद से आप रातभर एसी में त्वचा को हाइड्रेट रख सकते हैं। सही फेसवॉश है जरूरी एसी में रहने वाले लोगों की त्वचा काफी ड्राई हो जाती है। ऐसे में त्वचा धोने के लिए जेंटल क्लींजर या फेसवॉश का इस्तेमाल करें। ताकि ये आपकी त्वचा को रूखा न बनाए।

# अक्सर रहता है गर्दन व पीठ में दर्द



ऑफिस का काम करते समय गलत पोस्चर और खराब जीवन शैली के कारण स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। कई लोगों को वर्क फ्रॉम होम के दौरान गर्दन और पीठ व कमर के दर्द की शिकायत हुई तो कुछ लोग डेस्क जॉब के कारण लंबे समय तक बैठकर काम करने की वजह से पैक पेन की समस्या से परेशान रहते हैं, लेकिन अगर समय रहते गर्दन व कमर दर्द की समस्या का निवारण न किया जाए तो तकलीफ बढ़ सकती है और अधिक गंभीर शारीरिक समस्या का रूप ले सकती है। कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करते समय आपकी आंखो से ज्यादा कंधों पर भार पड़ रहा है। गलत तरीकों से काम करने के कारण कंधों, गर्दन, पीठ व कमर पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के लिए आप योगासन का अभ्यास कर दर्द से राहत पा सकते हैं। चलिए जानते हैं लगातार डेस्क वर्क के कारण गर्दन और पीठ के दर्द में कौन से योगासन फायदेमंद हैं। ताड़ासन का अभ्यास करने के लिए अपने दोनों पैरों की एड़ियों और पंजों के बीच दूरी बनाकर खड़े हो जाएं। अब हाथों को कमर की सीध से ऊपर ले जाते हुए हथेलियों और उंगलियों को मिला लें। गर्दन सीधी रखते हुए एड़ियों को ऊपर उठाएं और पूरे शरीर का भार पंजो पर डालें। इस दौरान पेट को अंदर रखें। इसी अवस्था में कुछ देर संतुलन बनाएं रखें। फिर पुन: वाली अवस्था में आ जाएं।

**सेतु बंधासन**

डेस्क वर्क करने वालों के लिए ये योगासन फायदेमंद है। सेतु बंधासन करने के लिए पीठ के बल लेट कर दोनों पैरों के घुटनों को मोड़ते हुए पैर को फर्श पर स्पर्श करें। अब हाथों की मदद से शरीर को ऊपर उठाएं और पीठ व जांघ को फर्श से आसमान में उठाते हुए गहरी सांस लें व बाहर छोड़े। इसी अवस्था में कुछ देर रहने के बार पहली वाली स्थिति में आ जाएं।

**भुजंगासन**

इस आसन का अभ्यास करने के लिए पेट के बल सीधे लेट जाएं और अपनी हथेलियों को कंधों क नीचे रखें। अब उंगलियों को फैलाते हुए छाती को ऊपर खींचें। इसी अवस्था में रहें और सांस ले। वापस पहले वाली अवस्था में आ जाएं।

**शोल्डर ओपनर**

इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े होकर अपनी मांसपेशियों को आराम दें। अब हथेलिों को पीछे की ओर ले जाते हुए आपस में मिला लें। जितना हो सके कंधों को पीछे की ओर खींचे। फिर वापस पुरानी स्थिति में लौट आएं और यह प्रक्रिया दोहराएं।

# रोजाना एक ग्राम ज्यादा नमक से एक्जिमा का खतरा



अमेरिका के सान फ्रांसिस्को स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अध्ययन के अनुसार, हर दिन अनुशंसित मात्रा से एक ग्राम अतिरिक्त सोडियम खाने से एक्जिमा का जोखिम 22 फीसदी तक बढ़ सकता है, जो शुष्क और खुजली वाली त्वचा की सूजन संबंधी स्थिति है।

ज्यादा नमक खाने से कई तरह के स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकते हैं, जिनमें से एक एक्जिमा भी है।

अमेरिका के सान फ्रांसिस्को स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अध्ययन के अनुसार, हर दिन अनुशंसित मात्रा से एक ग्राम अतिरिक्त सोडियम खाने से एक्जिमा का जोखिम 22 फीसदी तक बढ़ सकता है, जो शुष्क और खुजली वाली त्वचा की सूजन संबंधी स्थिति है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो एक दिन में दो ग्राम से कम सोडियम का सेवन करना चाहिए। वहीं, ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के अनुसार यह मात्रा अधिकतम 2.3 ग्राम है। भारत की बात करें तो भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद का मानना है कि एक दिन में अधिकतम दो ग्राम तक सोडियम का सेवन करना चाहिए जो लगभग पांच ग्राम नमक से प्राप्त हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि त्वचा में मौजूद सोडियम ऑटोइम्यून और क्रोनिक सूजन संबंधी स्थितियों से जुड़ा है, जिसमें एक्जिमा भी शामिल है।

**दो लाख से अधिक लोगों के आंकड़ों का विश्लेषण**

अध्ययन में शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक से लिए 2,15,000 से अधिक लोगों के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। इनमें उनके यूरिन सैंपल और मेडिकल रिकॉर्ड शामिल थे। इन सबकी आयु 30 से 70 वर्ष के बीच थी। इनके यूरिन नमूनों से पता चला कि वे कितने नमक का सेवन कर रहे थे।

**फास्ट फूड बच्चों और किशोरों के लिए खतरनाक**

शोधकर्ताओं के मुताबिक, फास्ट फूड का लगातार सेवन बच्चों और किशोरों में एक्जिमा की आशंका और गंभीरता को बढ़ा सकता है। इनमें बहुत अधिक मात्रा में सोडियम होता है। पिछले कुछ वर्षों से विकसित देशों में एक्जिमा की समस्या बेहद आम होती जा रही है। अमेरिका में तो हर 10वां व्यक्ति इस बीमारी का शिकार है। दुनियाभर में 30 लाख से ज्यादा लोगों को मार रहा ज्यादा सोडियम खाने में अतिरिक्त सोडियम से रक्तचाप और हृदय संबंधी रोगों का खतरा भी बढ़ रहा है। दुनियाभर में गैर-संचारी रोगों के कारण होने वाली करीब 32 फीसदी मौतों के लिए हृदय संबंधी रोग जिम्मेदार हैं। इसके साथ ही जरूरत से ज्यादा मात्रा में सोडियम का सेवन मोटापा, किडनी संबंधी रोगों और गैस्ट्रिक कैंसर से भी जुड़ा है। हर साल जरूरत से ज्यादा सोडियम का सेवन करने से दुनिया में 30 लाख से ज्यादा लोगों की जान जा रही है।

# BSF ने सब इंस्पेक्टर, कॉन्स्टेबल सहित 1526 पदों पर निकाली भर्ती

## - 92 हजार से ज्यादा सैलरी, फीस 100 रुपए




बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (BSF) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) में भर्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रोसेस शुरू की है। उम्मीदवार वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

वैकेंसी डिटेल्स : सीआरपीएफ : 303 पद
बीएसएफ : 319 पद
आईटीबीपी : 219 पद
सीआईएसएफ : 642 पद
एसएसबी : 08 पद
असम राइफल्स : 35 पद
कुल पदों की संख्या : 1526

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के लिए उम्मीदवारों का 12वीं पास होना जरूरी है। साथ ही स्टेनोग्राफर स्किल होना चाहिए। हेड कॉन्स्टेबल के लिए भी 12वीं पास उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

फिजिकल एलिजिबिलिटी : पुरुष उम्मीदवारों की लंबाई 165 सेमी, सीना बिना फुलाए 77 सेमी और फुलाने के बाद 82 सेमी. गढ़वाली, कुमायूंनी, गोरखा, डोगरा, मराठा और सिक्किम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, असम, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, लेह-लद्दाख, कश्मीर घाटी और एसटी कैटेगरी के उम्मीदवारों की लंबाई 162.5 सेमी होनी चाहिए।

एसटी कैटेगरी के उम्मीदवारों का सीना बिना फुलाए 76 सेमी और फुलाने के बाद 81 सेमी होना चाहिए।

महिला उम्मीदवारों की लंबाई 155 सेमी होनी चाहिए।

गढ़वाली, कुमायूंनी, गोरखा, डोगरा, मराठा, सिक्किम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, असम, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, लेह-लद्दाख, कश्मीर घाटी और एसटी कैटेगरी की उम्मीदवारों की लंबाई 150 सेमी होनी चाहिए।

आयु सीमा : न्यूनतम आयु : 18 वर्ष
अधिकतम आयु : 25 वर्ष

सरकारी नियमों के तहत आरक्षित कैटेगरी के उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

फीस

उम्मीदवारों को 100 रुपए फीस देना होगी।

महिला उम्मीदवारों, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और रिजर्वेशन के लिए पात्र भूतपूर्व सैनिकों को फीस के भुगतान से छूट दी गई है।

सिलेक्शन प्रोसेस : शारीरिक परीक्षण
कंप्यूटर-आधारित परीक्षण (सीबीटी)
स्किल टेस्ट
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल टेस्ट

सैलरी : हेड कॉस्टेबल (मंत्रालयिक) : 25,500 - 81,100 रुपए प्रतिमाह।

एएसआई (स्टेनो) : 29,200 - 92,300 रुपए प्रतिमाह।

ऐसे करें आवेदन : ऑफिशियल वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर जाएं।

होमपेज पर भर्ती सेक्शन पर क्लिक करें।

अप्लाय करने वाले लिंक पर क्लिक करें।

फीस का भुगतान करके फॉर्म सबमिट करें।

आगे की जरूरत के लिए फॉर्म का प्रिंट आउट लेकर रखें।

अंतिम तिथि 8 जुलाई 24

# SGPGI लखनऊ में 419 पदों पर निकली भर्ती, एज लिमिट 40 वर्ष

उत्तर प्रदेश में संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (SGPGI) लखनऊ की ओर से नर्सिंग ऑफिसर, स्टेनोग्राफर, टेक्नीशियन समेत अन्य पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार SGPGI लखनऊ की ऑफिशियल वेबसाइट sgpgims.org.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : पद के अनुसार, 12वीं, इंजीनियरिंग, ग्रेजुएशन, कंप्यूटर का नॉलेज, बीएससी नर्सिंग या पोस्ट बेसिक नर्सिंग की डिग्री।

आयु सीमा : न्यूनतम आयु : 18 वर्ष
अधिकतम आयु : 40 वर्ष

एससी/एसटी को 5 साल और ओबीसी को 3 वर्ष की छूट दी जाएगी।

फीस : जनरल/ ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस : 1180 रुपए
एससी/ एसटी : 708 रुपए

सैलरी : पद के अनुसार लेवल- 4 से लेवल- 7 के अनुसार।

सिलेक्शन प्रोसेस : रिटन एग्जाम
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल एग्जाम

एग्जाम पैटर्न : सभी पदों के लिए सामान्य भर्ती परीक्षा (सीआरटी) आयोजित की जाएगी।

सामान्य भर्ती परीक्षा (सीआरटी) 02 घंटे की होगी। इसमें कुल 100 अंक होंगे।

सही उत्तर के लिए 1 (एक) अंक दिया जाएगा।

गलत उत्तर के लिए 1/3 (एक तिहाई) अंक काटा जाएगा।

परीक्षा में एमसीक्यू पूछे जाएंगे।

पद से संबंधित विषय और अपेक्षित योग्यता के स्तर पर 60 अंक, जनरल इंग्लिश पर 10 अंक, जनरल नॉलेज पर 10 अंक, रीजनिंग पावर पर 10 अंक और मैथ्स एबिलिटी पर 10 अंक दिए जाएंगे।

ऐसे करें आवेदन : ऑफिशियल वेबसाइट www.sgpgims.org.in पर जाएं ।

होमपेज पर एसजीपीजीआई ऑफिसर भर्ती 2024 लिंक पर क्लिक करें।

जरूरी डिटेल्स दर्ज करके फॉर्म भरें।

जरूरी डॉक्यूमेंट्स जमा करें।

आगे की जरूरत के लिए प्रिंटआउट लेकर रखें।

अंतिम तिथि 25 जून 24

# हेवी व्हीकल फैक्ट्री अवाडी में ट्रेड अप्रेंटिस पदों पर भर्ती

हेवी व्हीकल फैक्ट्री अवाडी की ओर से ट्रेड अप्रेंटिस के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। कुल 253 पदों पर भर्ती की जाएगी। 10वीं या आईआईटी पास युवा इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं।

HVF Avadi Recruitment 2024: हेवी व्हीकल फैक्ट्री अवाडी की ओर से ट्रेड अप्रेंटिस के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक उम्मीदवारों के पास आवेदन करने के लिए 22 जून तक का समय है। गौरतलब है कि इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन है, लिहाजा उम्मीदवार अंतिम तिथि तक सायं 04:45 बजे तक निर्धारित पते पर अवश्य भेज दें। आवेदन करने से पहले उम्मीदवार पात्रता एवं मापदंड की जांच अवश्य कर लें।

कितने पदों पर होनी है भर्ती

इस भर्ती के माध्यम से कुल 253 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें से नॉन आईटीआई के लिए के लिए कुल 92 पदों पर एवं आईटीआई अप्रेंटिसशिप के 161 पदों पर नियुक्तियां की जानी है। भर्ती से जुड़ी विस्तृत डिटेल के लिए अभ्यर्थी आधिकारिक अधिसूचना का अवलोकन कर सकते हैं।

पात्रता एवं मापदंड

नॉन आईटीआई पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं या इसके समकक्ष उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

आईटीआई पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार ने दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण किया हो।

आवेदन के समय अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 15 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 24 से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग को ऊपरी आयु में नियमानुसार छूट दी जाएगी। उम्र की गणना 22 जून 2024 को ध्यान में रखकर की जाएगी।

कैसे करें आवेदन?

उम्मीदवार इस भर्ती में आवेदन के लिए ऑफिशियल वेबसाइट avnl.co.in पर करियर में जाकर भर्ती से संबंधित ऑफलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड कर लें।

पूर्ण जानकारी के साथ भरकर एवं सभी आवश्यक दस्तावेज अटैच करके निर्धारित पते "मुख्य महाप्रबंधक, भारी वाहन कारखाना, अवाडी, चेन्नई - 600054, तमिलनाडु के पते पर भेज दें।

# एक्स पोस्ट के लाइक होंगे प्राइवेट




अगर आप एक्स (पूर्व ट्विटर) में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। एक्स प्लेटफॉर्म के मालिक एलन मस्क ने इसकी जानकारी दी है। नए अपडेट के जरिए यूजर्स बिना किसी डर के किसी भी पोस्ट को लाइक कर सकेंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बीते कुछ समय में काफी बदलाव हुए हैं। ऐसे में एक बार फिर एलन मस्क के अधीन आने वाला एक्स बड़े बदलाव से गुजरने वाला है। जल्द ही यूजर्स जिस पोस्ट को लाइक करेंगे, उसकी जानकारी किसी भी अन्य यूजर को नहीं होगी। एक्स पर इंजीनियरिंग नाम से जारी की गई पोस्ट में कहा गया है कि यूजर्स की बेहतर प्राइवेसी के लिए लाइक को सभी के लिए प्राइवेट किया जा रहा है, यह इसी हफ्ते से हो सकता है।

**एक्स पर मिलेगा बड़ा अपडेट**

एलन मस्क की इंजीनियरिंग टीम ने जानकारी देते हुए कहा कि इस अपडेट के बाद भी यूजर्स अपने लाइक को देख सकेंगे, मगर बाकी यूजर्स लाइक को नहीं देख पाएंगे। इस तरह से यूजर्स की प्राइवेसी बेहतर होगी। वहीं, अभी तक कोई भी देख सकता है कि कौन सी पोस्ट को किसने लाइक किया है। यूजर्स लाइक को काउंट भी कर सकते हैं और पोस्ट की बाकी जानकारी भी ले सकते हैं। ऐसे में नए अपडेट के तहत किसी की पोस्ट पर किस-किसने लाइक किया है, अब यह यूजर्स नहीं देख सकेंगे।

**पोस्ट लाइक होगी प्राइवेट**

एलन मस्क ने इस अपडेट की जानकारी देते हुए लिखा कि अब कोई भी बिना किसी डर के किसी की पोस्ट को लाइक कर सकता है। पोस्ट लाइक करने के बाद किसी भी यूजर को इसकी जानकारी नहीं होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, प्राइवेट लाइक फीचर एक्स के प्रीमियम यूजर्स के लिए पहले से ही उपलब्ध है। इंजीनियरिंग टीम ने बताया कि इस फीचर की मदद से पोस्ट पर लाइक बढ़ सकते हैं। अभी काफी लोग किसी डर, पब्लिक इमेज खराब होने के डर से या फिर ट्रोलिंग की वजह से पोस्ट पर लाइक नहीं करते हैं। मगर जल्द ही यूजर्स बिना किसी डर के और बिना किसी चिंता के किसी भी पोस्ट पर लाइक कर सकेंगे।

# टेस्ला स्मार्टफोन के साथ मिलेंगी कमाल की सुविधाएं?



अगर आप किसी ऐसे स्मार्टफोन की तलाश कर रहे हैं, जिसमें आपका डेटा सुरक्षित रहें और कोई भी डेटा को स्टोर नहीं करें तो आपके लिए एक बड़ी खबर। टेस्ला स्मार्टफोन की एक झलक सामने आई है। जानें डिटेल। स्मार्टफोन का बाजार भारत में काफी तेजी से बढ़ रहा है। कई कंपनियां अपने नए मॉडलों में अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई फीचर्स भी जोड़ रही है। ऐसे में लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर एक खास फोन की झलक दिखाई गई है। जी हां, आप भी इस फोन के बारे में जानकर हैरान हो जाएंगे। आप सोच रहे होंगे कि हम फोन के फीचर्स की बात कर रहे हैं, मगर स्मार्टफोन के फीचर्स नहीं, बल्कि कुछ और चीज है, जो कि आपको खुश कर सकती है। आगे जानिए पूरी जानकारी। दरअसल, एक्स प्लेटफॉर्म पर Elon Musk - Parody नाम के एक यूजर ने खास फोन के बारे में जानकारी दी। Elon Musk - Parody यूजर ने सोमवार 10 जून को एक पोस्ट में लिखा, क्या आप टेस्ला स्मार्टफोन खरीदना पसंद करेंगे? आपकी जानकारी को एकत्रित नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही फ्री स्टारलिंक और फ्री एक्स प्रीमियम। उन्होंने आगे दो विकल्प दिए हैं, ए-हां और बी-नहीं।

टेस्ला स्मार्टफोन नहीं करेगा डेटा स्टोर?

तकनीकी विकास और एआई का बढ़ता दायरा लोगों के काम को आसान बना रहा है। एआई के दौर में डेटा को सुरक्षित रखना और भी मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में सवाल है कि क्या है टेस्ला स्मार्टफोन सही में लोगों के डेटा को स्टोर नहीं करेगा। इसका जवाब जानने के लिए फिलहाल लोगों को इंतजार करना होगा। अभी तक इस फोन के बारे में कुछ भी आधिकारिक जानकारी नहीं है।

लोगों ने दी अपनी प्रतिक्रिया

Elon Musk - Parody की इस पोस्ट पर अभी तक कई सारे रिएक्शन्स आ चुके हैं। लोगों ने इस पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। खबर लिखे जाने तक इस पोस्ट पर 19.9 मिलियन व्यूज आ चुके हैं। 159K कमेंट, 32K रिपोस्ट, 370K लाइक और 6.4K बार सेव हो चुकी है।

# एपल और ओपनएआई की साझेदारी पर एलन मस्क हुए नाराज




एपल ने कहा है कि उसके एआई इकोसिस्टम में अब थर्ड पार्टी टूल की भी एंट्री हो गई है और यह टूल कोई और नहीं बल्कि ओपनएआई का ChatGPT है। एपल के यूजर्स अब बिना लॉगिन किए ChatGPT का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं पेड यूजर्स अपने अकाउंट को डिवाइस से कनेक्ट कर सकेंगे।

अपने WWDC 2024 इवेंट में एपल ने कई सारी बड़ी घोषणाएं की हैं। एपल और ओपनआई की साझेदारी की बात लंबे समय से चल रही थी और अब एपल ने इस पर मुहर भी लगा दी है। एपल ने आईफोन के साथ ओपनएआई के चैटटूल चैटजीपीटी का सपोर्ट दे दिया है।

एपल ने कहा है कि उसके एआई इकोसिस्टम में अब थर्ड पार्टी टूल की भी एंट्री हो गई है और यह टूल कोई और नहीं बल्कि ओपनएआई का ChatGPT है। एपल के यूजर्स अब बिना लॉगिन किए ChatGPT का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं पेड यूजर्स अपने अकाउंट को डिवाइस से कनेक्ट कर सकेंगे। ChatGPT और Siri अब दोनों साथ में काम करेंगे।

एपल के इस फैसले से एक्स के मालिक एलन मस्क नाराज हो गए हैं। एलन मस्क ने कहा है कि यदि एपल वास्तव में अपनी डिवाइस में चैटजीपीटी का सपोर्ट देता है तो वे अपनी कंपनी में एपल की डिवाइसेज यानी आईफोन, आईमैक, आईपैड आदि पर प्रतिबंध लगाएंगे। एलन मस्क के मुताबिक चैटजीपीटी के साथ कोई प्राइवेसी और सिक्योरिटी नहीं है। इसलिए वे इस पर बैन लगाएंगे। एलन मस्क ने यहां तक कह दिया कि उनके ऑफिस में आने वाले सभी विजिटर की जांच होगी और यदि किसी के पास आईफोन या आईपैड मिलता है तो उसे सिक्योरिटी गेट पर जमा कर दिया जाएगा।

बता दें कि एपल ने अपने इवेंट में पहली बार अपनी डिवाइस के लिए AI की घोषणा की है। एपल ने AI को पांच भागों में बांटा है जिनमें पावरफुल, इंटिग्रेटेड, इंसुएटिव, पर्सनल और प्राइवेट शामिल हैं। आइए जानते हैं कि WWDC 2024 में AI को लेकर कौन-कौन सी घोषणाएं हुई हैं।

एपल की ओर से कहा गया है कि iOS 18 के साथ एआई जेनरेटिव राइटिंग टूल मिलेगा जो किसी भी कंटेंट को संक्षेप में लिख सकता है और यह एपल डिवाइस के सभी एप को सपोर्ट करेगा। एपल के यूजर्स मैसेज, कीनोट, फ्रीफॉर्म और पेजेज में एआई इमेज बना सकेंगे और इस्तेमाल भी कर सकेंगे। एपल ने अपने एआई का नाम एपल इंटेलिजेंस दिया है। इसका सपोर्ट फोटोज एप के लिए भी जारी किया गया है। अब फोटोज एप में AI बेस्ट फोटोज और वीडियोज को खुद ही सेलेक्ट कर सकता है और एक स्टोरीलाइन के साथ वीडियो बना सकता है।

# WhatsApp में आ रहा बड़ा अपडेट

WabetaInfo के मुताबिक WhatsApp इस फीचर की टेस्टिंग एंड्रॉयड के बीटा वर्जन 2.24.13.3 पर कर रहा है। इस बीटा वर्जन में दो चैनल को पिन करने की सुविधा मिल रही है। पिन करने के बाद ये चैनल, चैनल वाले टैब में सबसे ऊपर दिखेंगे। मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टैंट मैसेजिंग एप WhatsApp में एक बड़ा अपडेट आ रहा है। यह अपडेट WhatsApp चैनल के लिए आ रहा है। इस अपडेट के आने के बाद WhatsApp के यूजर्स कई सारे चैनल को पिन कर सकेंगे। WhatsApp चैनल के इस फीचर की टेस्टिंग बीटा वर्जन पर हो रही है। WabetaInfo के मुताबिक WhatsApp इस फीचर की टेस्टिंग एंड्रॉयड के बीटा वर्जन 2.24.13.3 पर कर रहा है। इस बीटा वर्जन में दो चैनल को पिन करने की सुविधा मिल रही है। पिन करने के बाद ये चैनल, चैनल वाले टैब में सबसे ऊपर दिखेंगे। कंपनी कई सारे अन्य फीचर्स की भी टेस्टिंग कर रही है जिसके आने के बाद कई सारे चैनल को एक बार में रीड किया जा सकेगा। इसके अलावा कई सारे चैनल को एक बार में म्यूट भी कर सकेंगे। अभी तक यूजर्स को चैनल लिस्ट से किसी चैनल को खोजने में काफी दिक्कत होती है लेकिन नए अपडेट के बाद आसानी होगी। फिलहाल यह फीचर बीटा यूजर्स के लिए ही उपलब्ध है। यदि आप बीटा यूजर हैं तो अपने एप को अपडेट करके इस फीचर को इस्तेमाल कर सकते हैं।

